
YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-38 ❒ रविवार, 08 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। जन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं। नरेंद्र मोदी

भारत की प्रगति के लिए संवाद और सहमति महत्वपूर्ण : चंद्रबाबू नायडू 11

नीतीश के बेटे निशांत आज जद (यू) में हो सकते हैं शामिल : सूत्र 12

## संक्षेप

### केशव के हेलीकॉप्टर की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक संभावित हादसे से बाल-बाल बच गए। कौशांबी जाते समय उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री लखनऊ के ला मार्टिनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा कौशांबी के लिए रवाना हुए थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को वापस लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में उपमुख्यमंत्री के साथ पायलट, एक सहयोगी और एक पीएसओ मौजूद थे। धुएं के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग होने से सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। घटना के बाद उपमुख्यमंत्री कुछ समय तक एयरपोर्ट पर ही रुके रहे। तकनीकी खराबी के कारणों की जांच के लिए हेलीकॉप्टर की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य आज कौशांबी में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने जा रहे थे। इसके अलावा उनके पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद, विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक और कई विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का भी कार्यक्रम तय था। अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा के लिहाज से हेलीकॉप्टर की तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही आगे की उड़ान के बारे में फैसला लिया जाएगा।

### जेई की 3 व लेखपाल की भर्ती परीक्षा 21 मई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अवर अभियंता (सिविल) के 4612 पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 3 मई को कराएगा। लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती की मुख्य परीक्षा 21 मई को आयोजित कराएगा। दोनों परीक्षाएं सुबह की पाली में 10 से 12 बजे तक कराई जाएंगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक सुभाष चंद्र प्रजापति ने शनिवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया।

### कल से ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनेंगे पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** बदले मौसम को देखते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मी नौ मार्च से ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनेंगे। डीजीपी मुख्यालय ने इसका आदेश जारी किया है। कहा गया है कि सोमवार से दिन के समय पुलिसकर्मी ग्रीष्मकालीन वर्दी धारण करेंगे। रात में मौसम व आवश्यकता के अनुरूप शीतकालीन वर्दी पहन सकेंगे। 22 मार्च से दिन व रात दोनों समय ग्रीष्मकालीन वर्दी ही धारण किए जाने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने वर्दी में परिवर्तन को लेकर सभी जिलों में आदेश जारी किए जाने का निर्देश दिया।

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिया : अमित शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड में हरिद्वार के बैरागी कैंप में आयोजित जन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम में विशाल जनसमूह को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध है। वोटर लिस्ट का शुद्ध होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार राज्य की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रही है और इसी कारण राज्य तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।



अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए अमित शाह ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए उत्तराखंड के युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ा और रामपुर तिराहा कांड जैसी दुखद घटनाओं का सामना करना पड़ा। बाद में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे नए राज्यों का गठन हुआ, जो आज तेजी से विकास कर रहे हैं।

अमित शाह ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था कि ल्लउत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है और अब इसे संवारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।ङ्क उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से 2026 तक का समय उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते चार वर्षों में राज्य की कई समस्याओं का समाधान किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने नई न्याय संहिता का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों के समय से चले आ रहे लगभग 150 साल पुराने कानूनों को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 तक नई न्याय संहिता के सभी प्रावधान पूरी तरह लागू हो जाएंगे। इसके बाद किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक न्याय व्यवस्था बताया। अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने वाले शरणार्थियों को बधाई दी। कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन शरणार्थियों का इस देश पर उतना ही अधिकार है जितना प्रधानमंत्री मोदी का है। इन लोगों ने अपना धर्म और सम्मान बचाने के लिए भारत में शरण ली है और सरकार उन्हें नागरिकता देने के अपने निर्णय पर अडिग है। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान से आए 200 लोगों को मिली भारतीय नागरिकता

हरिद्वार। उत्तराखंड में हरिद्वार के दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए करीब 200 लोगों को शनिवार को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई। श्री शाह शनिवार को हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने मंच से हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। कार्यक्रम में 2000 पुलिस आरक्षियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान श्री शाह ने सीएए के तहत पाकिस्तानी हिंदुओं को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये। इसके बाद उन्होंने 1100 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इन हिंदू शरणार्थियों को इस देश में उतना ही अधिकार है जितना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इन लोगों को नागरिकता से वंचित रखा गया। श्री शाह ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार ने सीएए लागू किया था, तब कांग्रेस, समाजवादी ● शेष पेज 11 पर


# पड़ोसी देशों पर हमले रोकेगा ईरान, माफी मांगी

एजेंसी

दुबई/रियाद। खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण तनाव के बीच शनिवार को ईरान की ओर से एक बड़ा और चौंकाने वाला कूटनीतिक बयान सामने आया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने राष्ट्र के नाम एक टेलीविजन संदेश में घोषणा की है कि ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का निर्णय लिया है। उन्होंने न केवल पड़ोसी देशों से माफी मांगी है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि ईरान का किसी अन्य देश पर आक्रमण करने का कोई इरादा नहीं है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने एक ओर जहां शांति का हाथ बढ़ाया, वहीं दूसरी ओर अपनी संप्रभुता को लेकर कड़ा रुख भी अख्तियार किया। उन्होंने कहा, हमारा बिना शर्त आत्मसमर्पण देखने का जो लोग सपना देख रहे हैं, वे अपने इस ख्वाब को कब्र तक साथ ले जाएंगे। दूसरी ओर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी।

इन हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा। दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही। इसके कारण क्षेत्र की प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेटस ने विमान संचालन को रोकने का फैसला किया है।


कतर के रक्षा मंत्रालय ने भी एक बैलिस्टिक मिसाइल हमले को विफल करने की पुष्टि की है, जिसके बाद दोहा में सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी गई। इसे देखते हुए कतर एयरवेज़ ने कहा है कि वह कल लंदन, पेरिस, मैड्रिड, रोम, फ्रेंकफर्ट और बैंकॉक से दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए फ़्लाइट्स ऑपरेट करने का योजना बना रहा है। उसने कहा कि यह फ़ैसला कतर विमानन प्राधिकरण से अस्थाई अनुमति मिलने के बाद लिया गया।



❒ सऊदी अरब पर मिसाइल, ड्रोन हमले, प्रिस खालिद ने ईरान को दी 'गलतफहमी' से बचने की चेतावनी

वहीं बहरीन की सेना ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक उसने 86 मिसाइलों और 148 ड्रोनों को मार गिराया है। सऊदी अरब ने भी अपने विशाल 'शयबाह' तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे 16 ड्रोनों को शनिवार तड़के नष्ट करने का दावा किया है। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सरकारी टेलीविजन पर एक संबोधन में पड़ोसी देशों पर हुए हमलों के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगते हुए इसे एक असामान्य मोड़ दे दिया है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करना चाहता और भविष्य में तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक ईरान पर उन देशों की जमीन से हमला न हो। राष्ट्रपति ने खाड़ी देशों से 'साम्राज्यवाद' के हाथों की कठपुतली न बनने की अपील की, हालांकि उनके इस बयान के बाद भी क्षेत्र में हवाई हमले और जवाबी कार्रवाई जारी रही। उन्होंने यह भी कहा ईरान कभी आत्मसमर्पण नहीं करेगा। उन्होंने यह बात ● शेष पेज 11 पर

### ईरान ने पड़ोसियों के सामने किया 'आत्मसमर्पण', होंगे भीषण हमले: डोनाल्ड ट्रम्प



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि ईरान ने भविष्य में अपने पड़ोसी देशों पर हमला न करने का वादा करके उन देशों के सामने 'आत्मसमर्पण' कर दिया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर जारी एक कड़े बयान में श्री ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि आज उस पर 'बहुत भीषण' हमले किए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि ईरान द्वारा अपने पड़ोसी देशों से माफी मांगना और उन पर दोबारा हमला न करने का वादा केवल अमेरिका और इजरायल के निरंतर हमलों के दबाव के कारण संभव हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान के व्यवहार में आया यह बदलाव उसकी मजबूरी है, न कि कोई स्वतंत्र निर्णय। श्री ट्रम्प ने लिखा, ईरान, बुरी तरह पिट रहा है, उसने अपने पश्चिम एशिया के ईस्ट पड़ोसियों से माफ़ी मांगी है और आत्मसमर्पण कर दिया है, और वादा किया है कि वह अब उन पर गोली नहीं चलाएगा। यह वादा सिर्फ़ अमेरिका और इज़राइल के लगातार हमले की वजह से किया गया था।'' उन्होंने यह भी कहा, ''यह पहली बार है जब ईरान हज़ारों सालों में, आस-पास के देशों से हारा है। श्री ट्रम्प ने आज होने वाले आगामी हमलों की घोषणा करते हुए कहा कि ईरान के 'बुरे व्यवहार' के कारण अब उन क्षेत्रों और समूहों को भी पूरी तरह नष्ट करने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिन्हें अभी तक निशाना नहीं बनाया गया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि ईरान पश्चिम एशिया पर कब्ज़ा करके राज करना चाहता था। श्री ट्रम्प ने लिखा कि इन देशों ने उनसे कहा थैंक यू प्रेसिडेंट ट्रंप। मैंने कहा है, आपका स्वागत है! ईरान अब पश्चिम एशिया का धौंस जमाने वाला नहीं है, बल्कि वे पश्चिम एशिया के फिसड्डी हैं।

# ईरानी युद्धपोत को कोच्चि में रुकने की अनुमति देना मानवीय फैसला : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लावन को कोच्चि बंदरगाह पर रूकने की अनुमति देने के भारत के फैसले पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा है कि यह विशुद्ध कानूनी जटिलताओं से परे मानवीय आधार पर लिया गया निर्णय है जो उनकी समझ से सही है। डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग के तीसरे और अंतिम दिन 'हिन्द महासागर का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवालों के जवाब में कहा कि ईरानी युद्धपोत को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने का निर्णय विशेष परिस्थितियों और मानवीय आधार पर लिया गया है और इसे कानूनी बारीकियों में नहीं तोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के तीन युद्धपोत



आईआरआईएस डेना, आईआरआईएस लावन और आईआरआईएस बुशहर पिछले महीने विशाखापत्तनम में नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा समारोह तथा मिलन अभ्यास में शामिल होने आये थे और बाद में हिन्द महासागर में थे। भारत की ओर से यह ● शेष पेज 11 पर

# घरेलू 60 रुपये, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा

एजेंसी



नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतों में भारी वृद्धि और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट के कारण तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से रसोई गैस (एलपीजी) के दाम बढ़ा दिये हैं।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में आज से 60 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है जबकि 19 किलोग्राम वाला ● शेष पेज 11 पर

### भारत के पास पेट्रोलियम का पर्याप्त भंडार: सरकारी सूत्र

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उससे कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधा के बीच सरकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि देश के पास पेट्रोलियम का पर्याप्त भंडार है। पेट्रोलियम मंत्रालय के उच्च अधिकारियों ने बताया कि इस समय देश में कच्चे तेल का 25 दिन का अतिरिक्त भंडार है। इसके अलावा शोधित उत्पादों का भी 25 दिन का अतिरिक्त भंडार है। दोनों मिलाकर कुल भंडार सात सप्ताह से अधिक का है। ● शेष पेज 11 पर

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण में 44,952 नाम हटे

### 70.69 लाख दावे-आपत्तियां प्राप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊद्ध उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 27 अक्टूबर से 6 मार्च तक कुल 44,952 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में मतदाताओं ने स्वयं कार्रवाई करते हुए नाम हटवाए हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि 37,132 मामलों में मतदाताओं ने खुद आवेदन देकर नाम हटवाए, जबकि अन्य मामलों में माइग्रेशन या फॉर्म-7 के माध्यम से नाम विलोपित किए गए। उन्होंने बताया कि कुल हटाए गए नामों में 27,118 माइग्रेशन, 10,014 स्वयं हटवाने और 7,620 फॉर्म-7 के जरिए नाम कटे हैं।

निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अब तक प्राप्त दावों और आपत्तियों में से करीब 86 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिन आवेदकों ने सही दस्तावेज प्रस्तुत किए, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। 6 जनवरी से शुरू हुई दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान अब तक 70 लाख 69 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पुरुषों के 34.96 लाख, महिलाओं के 35.72 लाख और अन्य लिंग के 296 आवेदन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

# उप्र बना विश्वास का प्रतीक, यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज, सरकार व संस्थाएं एक साथ एक दिशा में सोचना शुरू करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास में बदलता है। विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होनी चाहिए। इसके लिए लोगों को प्रयास करना होता है। यूपी आज विश्वास का प्रतीक बना है।

मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश में मेडिकल क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं। स्वास्थ्य सुविधा सही, सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि यथार्थ ग्रुप अवश्य परिणाम देगा और लोगों को स्वस्थ जीवन देकर पुण्य अर्जित करेगा। सरकार भी इस क्षेत्र में हर सहयोग देने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा का अधिकार मिलना चाहिए और हर संप्रभु देश को अपने नागरिकों को यह सुविधा देनी चाहिए। 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है। हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत को देख रहे हैं। यहां विरासत व विकास के अद्भुत समन्वय का स्वरूप है तो समग्र विकास की सभी अवधारणाओं को भी साकार रूप से उद्घाटित होते हुए देख रहे हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, रेलवे की नई लाइनें और टेक्नोलॉजी के साथ ही वंदे भारत, अमृत भारत, नमो भारत में यात्रा करने का आनंद प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार व समाज मिलकर कार्य करते हैं तो परिणाम कई गुना आता है। इस क्षेत्र में निजी निवेश आज की आवश्यकता है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक है कि सरकार भी प्रयास करे और निजी क्षेत्र भी आगे आएं। निजी क्षेत्र की तरफ से सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए सरकार नई पॉलिसी लेकर आ रही है। नए मेडिकल कॉलेज के लिए भी कोई निवेश करता है तो सरकार सहयोग कर रही है। सीएम ने यथार्थ ग्रुप का आह्वान किया कि किसी जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए आगे आएं। सीएम ने कहा कि मेडिकल काउंसिल ने अपनी शर्तों को सरल किया है। यह सबसे अच्छा समय है, जब नए मेडिकल संस्थान स्थापित करके नौजवानों के लिए यूपी को मेडिकल की उच्चतम शिक्षा का केंद्र बना सकते हैं। सरकार हर सहयोग के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यथार्थ ग्रुप का आठवां हॉस्पिटल है।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले देश में एक एम्स था, अटल जी ने इसकी संख्या छह और मोदी जी ने 23 तक पहुंचा दी। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ट्रिपल आईटी की लंबी श्रृंखला खड़ी हुई। जब देश बढ़ रहा है तो सबसे बड़ी आबादी का राज्य भी पीछे नहीं है। 2017 के पहले यूपी में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, आज 81 मेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा है। पहले प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' हावी थे। पहले सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी तो उन्होंने माफिया पैदा किए, जबकि डबल इंजन सरकार ने हर जनपद को मेडिकल कॉलेज दिया। आज प्रदेश में दो एम्स (रायबरेली व गोरखपुर) संचालित हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने विकास व वेलफ़ेयर स्कीम लागू की हैं। छह करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से निकलकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब कोई व्यक्ति बीमार होता था तो पूरे परिवार में कोहराम मच जाता था, सामान गिरवी रखने पर मजबूर हो जाता था। आज मोदी जी ने स्वास्थ्य बीमा के रूप में आयुष्मान भारत का कवर दिया है। यूपी में 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं। यह संख्या बहुत जल्द 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। राज्य में शिक्षामित्रों, शिक्षकों, अनुदेशकों, आंगनबाड़ी व आशा वर्कर और रसोइयों की संख्या 10 लाख से अधिक है। इन्हें भी पांच लाख की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष से 1300 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। यूपी के हर जनपद में फ्री डायलिसिस, सीटी स्कैन समेत अनेक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही दुनिया की नई तकनीकें लाने का कार्य भी प्रारंभ ● शेष पेज 11 पर

# सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर अखिलेश ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर साधा निशाना

❒ अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा, ल्हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई। इस बीच, आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार-बार सपा की नई-नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए ल्कट्टाङ्क वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है।

उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार के दौरान सबसे अधिक थर्मल पावर प्लांट लगाए गए और विकास के कई बड़े काम किए गए।

वहीं सपा में शामिल हुए रोहित पांडेय ने कहा कि भाजपा देश को पीछे ले जा रही है, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का विजन साफ है। उन्होंने कहा कि पहले यह धारणा थी कि सवर्ण वोट केवल भाजपा को मिलता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने इस धारणा को तोड़ दिया है।

# कुंभ नगरी में पिंक रोजगार कुंभ का आयोजन महिला रोजगार की सबसे बड़ी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नारी शक्ति को आत्म निर्भर और सशक्त बनाने के संकल्प के लिए सतत प्रयास कर रही है। सरकार शिक्षित युवतियों और महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए पिंक जॉब फ़ेयर का आयोजन कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में इसकी पहल हो रही है।

## पिंक रोजगार कुम्भ की साक्षी बनेगी कुम्भ नगरी

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को सीधे रोज़गार से जोड़ने के लिए एक और पहल करने जा रही है। कुंभ नगरी प्रयागराज में पिंक रोजगार कुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका आयोजन होने जा रहा है। प्रयागराज के सहायक निदेशक सेवायोजन राजीव कुमार यादव बताते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अभ्यर्थियों हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज परिसर में 8 मार्च 2026 को प्रातः 10:00 बजे इस पिंक जॉब फ़ेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए होगा।

## जिले में महिला रोजगार का सबसे बड़ा आयोजन

महिलाओं के रोजगार के लिए जिले का यह सबसे बड़ा आयोजन है । सहायक निदेशक सेवायोजन राजीव कुमार यादव के मुताबिक इस पिंक जॉब फ़ेयर में निजी क्षेत्र की सिद्धि इन्फोटेक, वी 5 ग्लोबल, महिंद्रा लिमिटेड, एक्सिस बैंक, जेसीबी इंडिया लिमिटेड आदि 18 कंपनियों द्वारा 4000 से अधिक पदों के लिए वेतनमान रुपया 12500 से 33000 तक चयन किया जाएगा। इसमें हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीसीए, एमसीए, आदि उत्तीर्ण और आयु सीमा 18 से 35 वर्ष की बेरोजगार महिला अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकती हैं । योगी सरकार पिछले कुछ वर्षों में मिशन रोजगार, कौशल विकास कार्यक्रमों और सेवायोजन मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है।

गौरतलब कि बेरोजगार युवाओं के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रयागराज में सेवायोजन की तरफ से 43 जॉब फ़ेयर आयोजित किए गए जिनमें अब तक 5976 प्रतिभागियों को रोजगार दिया गया है।

## पूर्वोत्तर रेलवे को माल लदान से हुये 411 करोड़ की आय

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे को वित्त वर्ष 2025-26 में माल लदान से 411 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। रेलवे प्रवक्ता के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर माल लदान में वृद्धि का क्रम जारी है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में फरवरी माह तक कुल 3.776 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जिससे 411.449 करोड़ रुपये की आय हुई। केवल फरवरी में ही 0.255 मिलियन टन माल लदान किया गया, जिससे 24.349 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कुल माल लदान 3.636 मिलियन टन था, जबकि इस वर्ष यह बढ़कर 3.776 मिलियन टन हो गया है।

## सेंट मैरिज स्कूल तराव कोरांव में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव के तरांव गांव में सेंट मेरिज स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा! महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई और शिक्षिकाओं और आयाओं का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य फॉदर जॉर्ज मेडेपल्ली ने महिलाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## प्रयागराज में पश्चिम एशिया में फंसे लोगों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम एशिया के देशों में युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनपद में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जिला आपदा कंट्रोल रूम के माध्यम से अब तक 128 व्यक्तियों के विदेश में फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसे आगे की कार्यवाही के लिए राहत आयुक्त कार्यालय को भेज दिया गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का परिवार, रिश्तेदार या परिचित पश्चिम एशिया के किसी देश में फंसा हुआ है तो उसका पूरा विवरण प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। इसमें व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर, जनपद में निवास, वर्तमान में किस देश में फंसे हैं तथा विदेश जाने का उद्देश्य आदि जानकारी देना आवश्यक होगा। प्रशासन ने जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। नागरिक लैंडलाइन नंबर 0532-2641577, 0532-2641578, मोबाइल नंबर 9454417588, 7524921390 तथा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी जानकारी को तुरंत साझा करें, जिससे फंसे हुए व्यक्तियों की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## 14 मार्च को जनपद न्यायालय व तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनपद न्यायालय प्रयागराज के साथ-साथ सभी तहसीलों में किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित वादों के त्वरित निस्तारण के लिए आपसी समझौते के आधार पर मामलों का समाधान कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबंधित पक्षकारों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का निस्तारण कराएं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो सके।

## बहन की शादी के लिए रखे साढ़े 5 लाख के गहने चोरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर के करछना थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार रात चोरों ने हौजकटोरवा गांव में एक शादी वाले घर को निशाना बनाते हुए साढ़े पांच लाख रुपये के आभूषण पार कर दिए।बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार ने बहन की शादी के लिए पाई-पाई जोड़कर गहने खरीदे थे, जिन्हें घर के कमरे में रखे बॉक्स में सुरक्षित रखा गया था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे जब घर की महिलाएं सोकर उठीं तो कमरे का ताला टूटा मिला और बॉक्स में रखा सारा आभूषण गायब था। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। क्षेत्र में बीते एक माह में कई चोरी और छिनौती की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें तेवरिया पुलिया के पास ज्वेलरी शॉप संचालिका कविता विश्वकर्मा, भीरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास मकबूल अहमद की टायर दुकान और घटवा चौराहा स्थित म्यूजिक बैंड की दुकान में चोरी शामिल है। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस शिकायत के बावजूद जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है।

## समाधान दिवस में 209 शिकायतें, 13 का मौके पर निस्तारण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मेजा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 209 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी मामलों की जमीनी स्तर पर जांच कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर पोषण अभियान के तहत चार महिलाओं—सविता देवी, रचना कुमारी, कविता कुमारी और अंजली की गोदभराई तथा तीन बच्चों—दिव्यांशी, वेदांश और अर्पिता का अन्नप्राशन भी कराया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 70, पुलिस की 43, विकास विभाग की 15, समाज कल्याण विभाग की 3 और अन्य विभागों की 78 शिकायतें आईं। कार्यक्रम में डीसीपी यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## बस और मैजिक की भिड़ंत, चालक की हालत नाजुक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर के घूरपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। दांदूपुर के पास महोबा डिपो की तेज रफ्तार बस और मैजिक वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।
टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दिनदहाड़े 6 साल के बच्चे का अपहरण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर के मांडा थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े छह वर्षीय मासूम के अपहरण से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सराय कंला गांव की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार बच्चा घर के पास खेल रहा था, तभी अज्ञात लोग उसे उठाकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची मांडा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

## पुलिस जांच टीम पर सिरफिरे शिकायतकर्ता ने किया पथराव, चौकी प्रभारी घायल

**झांसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप्र के झांसी में प्रेमनगर थाना क्षेत्र में आईजीआरएस की शिकायत पर जांच करने गई पुलिया नंबर नौ पुलिस चौकी टीम पर सिरफिरे शिकायत कर्ता ने पथराव कर दिया। पथराव में चौकी प्रभारी चोटिल हो गए। वहीं सिरफिरा मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस टीम तलाश कर रही है।जानकारी के मुताबिक प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नैनागढ़ में आजादपुरा निवासी संतोष ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जांच पुलिया नंबर नौ चौकी प्रभारी दीपक धामा को मिली थी। कई बार शिकायतकर्ता को पुलिस द्वारा बुलाया गया लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर शुक्रवार को चौकी प्रभारी उसी आईजीआरएस की जांच करने शिकायत कर्ता संतोष के घर पहुंचे। जहां शिकायत कर्ता ने पुलिस से पहले अभद्रता की और फिर पथराव कर दिया।

# नायब तहसीलदार अतुल सिंह का यूपीएससी में चयन, जिलाध्यक्ष ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जौनपुर । जनपद में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात अतुल सिंह के संघ लोक सेवा आयोग (ठष्ट्रए) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में चयनित होने पर सरदार सेना सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है कि उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में सफलता हासिल कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने अतुल सिंह को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि अतुल सिंह की सफलता जनपद के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और इससे युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि अतुल सिंह आगे भी प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए देश और समाज की सेवा करेंगे।

# वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले गृहकर वसूली तेज करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ रविवार 08 मार्च को भी खुलेंगे जोनल कार्यालय

लखनऊ । वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र 24 दिन शेष रह जाने के मद्देनज़र नगर निगम प्रशासन ने गृहकर वसूली में तेजी लाने के निर्देश जारी किए हैं। नागरिकों को सुविधा प्रदान करते हुए अधिक से अधिक गृहकर जमा कराने तथा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति कर नगर निगम की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

रविवार के सार्वजनिक अवकाश के दिन, 08 मार्च 2026 में शहर के सभी जोनल कार्यालयों और कैश काउंटरों को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक खुला रखा जाएगा। इस दौरान अधिक से अधिक भवन स्वामियों का कर निर्धारण कराकर संबंधित डाटा की फीडिंग तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कराया जाएगा, ताकि करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इसके साथ ही सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे गृहकर के बकायेदारों से संपर्क कर अधिक से अधिक कर जमा कराएं। नगर निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व अधिक से अधिक लंबित गृहकर की वसूली सुनिश्चित की जा सके।इसके अतिरिक्त शहर के सभी वार्डों में विशेष कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इन कैंपों के माध्यम से भवनों का कर निर्धारण, बकाया गृहकर की वसूली और नागरिकों को कर भुगतान के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही इन कैंपों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें।

## मंगेश यादव मुठभेड़ मामले में पुलिस कर्मियों के विरुद्ध नहीं दर्ज होगा मुकदमा

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपाली सक्सेना की अदालत ने बक्सा थाना क्षेत्र निवासी मंगेश यादव की सुल्तानपुर में पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत को फर्जी बताते हुए पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के प्रार्थना पत्र को शनिवार को खारिज कर दिया।बक्सा थाना क्षेत्र के आगरौरा गांव निवासी शीला देवी ने आरोप लगाया था कि 2 सितंबर 2024 को उसके पुत्र मंगेश यादव को स्थानीय पुलिस पूछताछ के लिए पकड़ कर ले गई थी। उसके बाद सुल्तानपुर में पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर व वर्तमान डीआईजी अयोध्या सोमेन वर्मा एवं एसटीएफ के अधिकारी डी के शाही की टीम ने फर्जी पुलिस मुठभेड़ में उसकी हत्या कर दिया। 5 सितंबर को उसे सूचना दी गई की सुल्तानपुर पोस्टमार्टम हाउस जाकर लड़के का शव ले ले। न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए आईजी अयोध्या से इस प्रकरण में जांच आख्या आहूत की गई तथा इसके पूर्व उप जिलाधिकारी सुल्तानपुर द्वारा मजिस्ट्रियल जांच में भी उक्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं मिला था। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश पुलिस व एसटीएफ की टीम के विरुद्ध किसी प्रकार का साक्ष्य नहीं पाया और प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।

# प्रदेश के 75 जनपदों के 850 बच्चे राज्य मंच पर दिखाएंगे प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 'प्रगति -आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय बाल उत्सव में इस बार प्रदेश की विविध प्रतिभाओं का संगम देखने को मिलेगा

लखनऊ । प्रदेश भर की बेटियों के आत्मसम्मान, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को नया मंच देने की दिशा में 'प्रगति -आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय बाल उत्सव में इस बार प्रदेश की विविध प्रतिभाओं का संगम देखने को मिलेगा।

746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, 45,656 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों तथा 1129 पीएम-श्री विद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस आयोजन में तीन चरणों क्रमशः जनपद, मंडल और अब राज्य स्तर में हुई चयन प्रक्रिया के बाद 18 मंडलों से चयनित प्रतिभाशाली बच्चे अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।23 विशिष्ट बालिकाओं का होगा सम्मानकार्यक्रम में खेल, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली 23 बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। इन बालिकाओं ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के माध्यम से अलग पहचान बनाई है। उनकी प्रेरक उपलब्धियां अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी और समाज में बेटियों के आत्मसम्मान, समानता तथा सशक्त भविष्य के संदेश को और अधिक मजबूती देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जीवंत झलक भी दिखाई देगी। विद्यालयों में संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, जीवन कौशल शिक्षा, मीना मंच और सेल्फ-एस्टीम जैसे कार्यक्रमों से विकसित हो रहा बालिकाओं का आत्मविश्वास और नेतृत्व इस मंच पर स्पष्ट रूप से नजर आएगा।

तीन चरणों में हुआ चयनबाल उत्सव की पूरी प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न हुई है। पहले चरण में प्रदेश के 75 जनपदों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाशाली बच्चों का चयन किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में 18 मंडलों में मंडलीय स्तर पर बाल उत्सव आयोजित हुए, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 75 जनपदों के लगभग 850 बच्चों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए स्थान बनाया। अब राज्य स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में ये चयनित बच्चे नाटक, नृत्य, गीत, योग, संवाद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन स्थल पर विभिन्न विषयों पर आधारित 22 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नेतृत्व विकास, अभिभावक सहभागिता और करियर परामर्श से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

# उत्तर प्रदेश में आज जो कुछ भी कर पा रहा है, उसके पीछे है पं. गोविंद बल्लभ पंत की सोच: योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पूर्व गृह मंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भारत मां का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता व सुयोग्य प्रशासक बताया। उन्होंने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म वर्तमान उत्तराखंड में हुआ था, उस समय उत्तराखंड संयुक्त प्रांत का हिस्सा था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वह वकालत छोड़कर स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े थे।

योगी ने कहा कि जब देश गुलाम था, तब 1937 में उत्तर प्रदेश के प्रीमियर के रूप में उनका चयन हुआ था। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में पं. गोविंद बल्लभ पंत जी का स्मरण सभी करते हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पंत जी ने विकास की जो आधारशिला रखी और जो विजन प्रस्तुत किया, उसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना हुआ है। यूपी आज जो कुछ भी कर पा रहा है, उसके पीछे पं. गोविंद बल्लभ पंत की सोच है।

योगी ने कहा कि उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए। उन्होंने गृह मंत्री के रूप में देश को अमूल्य सेवाएं दीं। राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन, प्रचार-प्रसार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने कहा कि देश की स्वाधीनता में अमूल्य योगदान तथा उत्तर प्रदेश व देश की बहुमूल्य सेवा के लिए 1957 में उन्हें 'भारत रत्न' प्रदान किया गया। पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# दस लाख के अष्टधातु मूर्तियों की चोरी का खुलासा, दो चोर व खरीददार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । नौबस्ता थाना क्षेत्र में बर्तन की दुकान से दिनदहाड़े करीब 10 लाख रुपये कीमत की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी करने वाले दो शातिर चोरों और चोरी की मूर्तियां खरीदने वाले दुकानदार समेत तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने चोरी की मूर्तियां कानपुर देहात के रहने वाले एक बर्तन कारोबारी को बेच दी थीं।

पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी गया पूरा माल भी बरामद कर लिया है।पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने शनिवार को बताया कि यशोदा नगर के वाले राजकुमार साहू की नैबस्ता इलाके में साहू बर्तन भण्डार के नाम से दुकान है। चार मार्च को दुकान के पीछे हिस्से के सोने चले गए। जबकि उनका बेटा सुजीत बाहर से कुंडी लगाकर कहीं चला गया। कुछ देर बाद एक युवक आया और वह दुकान का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद दुकान में रखी मूर्तियां पूजन समाग्री और गुल्लक में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद लेकर रेकी कर रहे अपने दूसरे साथी के साथ फरार हो गया। जब पीड़ित सोकर उठे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। आनन फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगवाये गए करीब 140 कैमरों की सहायता से हनुमंत विहार निवासी विवेक दीक्षित और शिव प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। शातिरों ने पूछताछ में बताया कि सभी मूर्तियों को गजनेर के रहने वाले बर्तन व्यापारी अनिल कुमार को बेची थी। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दबंगों ने दुधमुंहे बच्चे को जमीन पर पटका, इलाज के दौरान मौत

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर जमकर कहर ढाया इतना ही नहीं दबंगों ने महिलाओं के साथ मारपीट और अश्लीलता करते हुए तीन माह के दुधमुंहे बच्चे को जमीन पर पटक दिया, जिससे बीस घंटे चले इलाज के बाद शनिवार को दुधमुंहे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरदना निवासी प्रमोद कुशवाहा पुत्र रामेश्वर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि,गुरुवार शाम करीब साढे छः बजे पुरानी रंजिश मानते हुए गांव के श्याम बाबू, रोहित उर्फ़ तुर्रा, राहुल, सुरेश रामप्रकाश आदि ने उसके घर पर हमला कर दिया और उसके साथ महिलाओं को भी बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं आरोपियों ने तीन महीने के दुधमुंहे बच्चे को भी जमीन पर पटक दिया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से बच्चे की हालत नाजुक होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया और सदर अस्पताल से हायर सेंटर कानपुर के लिए रेफर किया गया था जहां पर एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई ।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **27.03.2026 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00232026 दिनांक 05-03-2026 |
| 2. | निविदा संख्या | **38-SrDEN-I-LKO-2025-26** |
| 3. | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-प्रथम/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में 3बटालियन/आरपीएसएफ/लखनऊ में इनडोर गेमिंग सुविधाओं जैसे बैडमिंटन हॉल जिम टेबल टेनिस जिम और संबंधित सुविधाओं का निर्माण । |
| 4. | अनुमानित लागत | रु० 18599005.78 |
| 5. | धरोहर राशि | रु० 243000 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7. | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 13.03.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.03.2026 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट-: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 760/26

# प्रियाशा वर्मा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 324वीं रैंक हासिल की

❒ अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और निरंतर मेहनत व अनुशासन को दिया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी की प्रतिभाशाली छात्रा प्रियाशा वर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 324 प्राप्त कर शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह उनकी चौथे प्रयास में मिली उल्लेखनीय सफलता है।

इस रैंक के आधार पर उन्हें भारतीय राजस्व सेवा (IRS – Income Tax) मिलने की संभावना है।प्रियाशा ने अपनी वैकल्पिक विषय (Optional Subject) के रूप में राजनीति विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध (PSIR) को चुना था।उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा City Montessori School, गोमती नगर-1, लखनऊ से वर्ष 2018 में पूरी की। इसके बाद उन्होंने IIT BHU, वाराणसी से 2022 में स्नातक (B.Tech) की डिग्री प्राप्त की।प्रियाशा के पिता इंद्रजीत वर्मा वर्तमान में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में चीफ इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे UP Metro में जीएम सिविल (GM Civil) के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। प्रियाशा की इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और निरंतर मेहनत व अनुशासन को दिया है

# खेल युवाओं में अनुशासन और चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम : डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन, विजेताओं को दी 1 लाख की प्रोत्साहना राशि

❒ विधायक ने स्वर्गीय अर्पित त्रिवेदी को दी श्रद्धांजलि, परिवार को 1 लाख सहायता की घोषणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, सरोजनीनगर। सैनिक वॉलीबॉल क्लब, सरोजनीनगर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम भी हैं।

उन्होंने कहा कि खेल का मैदान हमें यह सिखाता है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता–नियमित अभ्यास, टीमवर्क और दृढ़ संकल्प ही जीत की राह बनाते हैं।इस दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, नियमित अभ्यास, टीमवर्क और दृढ़ संकल्प से ही जीत मिलती है। खेल हमें यह भी सिखाते हैं कि कोई अकेला नहीं जीतता, पूरी टीम जीतती है। जीवन में भी सहयोग, नेतृत्व और परिश्रम से ही बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होती हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर उनमें सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए श्यामेन्द्र सिंह चौहान एवं विष्णु प्रताप सिंह को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने का प्रेरणादायक अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजन के लिए 1 लाख का सहयोग भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सरोजनीनगर के अत्यंत प्रतिभाशाली खिलाड़ी और प्रिय सदस्य स्वर्गीय अर्पित त्रिवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने उनकी स्मृति में उनके परिवार को 1 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर उनके पिता श्री अवधेश त्रिवेदी की उपस्थिति ने सभी को भावुक कर दिया और अर्पित की स्मृतियाँ फिर से ताज़ा हो गईं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद, मिल्खा सिंह और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखाया है कि मेहनत और अनुशासन से भारत का युवा विश्व में अपना परचम लहरा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और देश के गौरव के लिए खेलें। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर हम एक स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिव शंकर सिंह ह्लशंकरी, पार्षद गीता देवी, पार्षद प्रतिनिधि संजय गुप्ता, शिव कुमार सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह मोनू, अवधेश त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, अंकित त्रिवेदी, अमन शुक्ला, अतुल यादव, अनुराग सिंह तथा राहुल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमरेन्द्र भारद्वाज के प्रयास लाए रंग, खरगापुर में एक और इंटरलॉकिंग सड़क का शुभारंभ

❒ भाजपा विधायक अमरेश रावत , नागेश्वर द्विवेदी , अमरेन्द्र भारद्वाज ने किया शुभांरभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। गोसाईगंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम अनैया खरगापुर में क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए लगभग 200 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह सड़क जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज के अथक प्रयासों से बनाई जा रही है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमरेश रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी तथा जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमरेश रावत और भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज द्वारा क्षेत्र व गांव के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से गांव के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि खरगापुर गांव में लगभग सभी मार्गों पर सीसी सड़क या इंटरलॉकिंग का निर्माण हो चुका है, जिससे गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है और लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत मिल रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुशील कुमार, राजेश द्विवेदी, शिवकरन वर्मा, लाला रावत, समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत, संतोष रावत, लक्ष्मी नारायण, दशा दीन, रवि पांडेय, राहुल वर्मा, हरिकृष्ण भारद्वाज, घनश्याम भारद्वाज, शिवकुमार भारद्वाज, जितेन्द्र भारद्वाज, अमन भारद्वाज, सदाशिव, सर्वेश तिवारी, आलोक शुक्ला, रामलाल, मो. कयूम, मोहनलाल, द्वारिका रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद है।

# साधन सहकारी समिति दनौर को साढ़े तीन दशक बाद पुनः संचालित करने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । विकास खंड की गबन से बंद पड़ी साधन सहकारी समिति दनौर को साढ़े तीन दशक बाद पुनः संचालित करने की पहल शुरू हो गयी है। जिसके लिए संचालक मंडल का चयन प्रक्रिया शनिवार को प्रारम्भ हो गयी है।

माल विकास खंड में ग्यारह साधन सहकारी समितियां कार्यरत थीं, जिससे किसानों को उर्वरक और बीज सस्ती कीमत और फसली ऋण मामूली ब्याज दर पर इन समितियों के माध्यम से किसानों को आसानी से उपलब्ध हो जाता है, लेकिन नब्बे के दशक में दनौर साधन सहकारी समिति के जिम्मेदारों द्वारा समिति गबन जैसी समस्या की शिकार हो गयी फलतः समिति बंद हो गयी और इस समिति से जुड़ी पंचायतों के किसानों को समिति से वंचित होना पड़ा।इस समिति के संचालन के लिए हजारों की संख्या में किसानों ने सहकारिता विभाग और शासन प्रशासन के अधिकारियों को संचालित करने की गुहार लगाई,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद देश के गृह मंत्री/सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशन में दनौर सहकारी समिति को शनिवार से संचालित करने की प्रक्रिया शुरू की गई,जिसके संचालन के लिए संचालक मंडल का चयन किया गया। यह समिति पूर्व में खखरा गांव में संचालित हो रही थी, लेकिन अब यह बी पैक्स समिति खखरा के बजाय पतौना गांव में संचालित की जायेगी। जिसके लिए संचालक मंडल का गठन शनिवार को किया गया।इस समिति के सभापति ललित कुमार ,उपसभापति राजेंद्र कुमार,और सदस्य रूपचन्द्र, जगदीश कुमार, मनीष कुमार, राणा प्रताप सिंह, मिथलेश कुमार, राजेश कुमार और प्रेम शंकर सदस्य नामित कर बी पैक्स समिति का ढांचा तैयार किया गया है और इस समिति में अमलौली बी पैक्स समिति के सचिव कौशल किशोर तिवारी को कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया गया है।

## देवती मेले में स्टंटबाजी पड़ी भारी: बाइक सीज, पिता-बहनोई समेत तीन पर पुलिस कार्रवाई

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के देवती मेले में बाइक से स्टंट कर रहे एक युवक पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक मौके पर ही सीज कर दी। साथ ही युवक के पिता और बहनोई समेत तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में चालान किया गया।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मेले में भीड़भाड़ के बीच स्टंटबाजी से लोगों की सुरक्षा को खतरा हो सकता था, इसलिए तुरंत कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि मेले और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्टंट या हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने अनुज कुमार (21) पुत्र आशीष कुमार, आशीष कुमार (47) पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम छंगाखेड़ा मजरा देवती थाना नगराम तथा शक्ति सिंह (30) पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम उदवत खेड़ा खुजौली थाना मोहनलालगंज के खिलाफ कार्रवाई की है।

## नगराम में 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार , पंहुचा सलाखों के पीछे

**नगराम,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। वीरता की मां ने शुक्रवार को गांव के ही निवासी अवधेश के खिलाफ नगराम थाने में ताहिर देकर मुकदमा दर्ज कराया था आरोप है कि अवधेश ने 13 वर्षीय किशोरी को अपने घर बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। यह मामला बीते गुरुवार की शाम का है जब पीड़िता की मां बकरी चराने बाहर गई हुई थी । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर पास्को सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी शनिवार को उसे गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जोन-5 में स्ट्रीट लाइट खराब, रात के अंधेरे में लोग परेशान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** लखनऊ म्युनिसिपल कारपोरेशन के जोन-5 क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटें खराब होने से रात के समय कई इलाकों में अंधेरा छाया रहता है। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार आलमबाग, कृष्णा नगर, मानक नगर और अवध चौराहा के आसपास कई सड़कों और गलियों में लगी स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से खराब पड़ी हैं। शाम ढलते ही कई मार्गों पर अंधेरा हो जाता है, जिससे खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आवागमन में परेशानी होती है।नागरिकों का कहना है कि कई बार नगर निगम में शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। अंधेरे की वजह से सड़क दुर्घटनाओं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का भी खतरा बढ़ जाता है।क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जोन-5 में खराब स्ट्रीट लाइटों की जल्द मरम्मत कराई जाए और नियमित निरीक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि रात के समय सड़कों पर पर्याप्त रोशनी बनी रहे।स्थानीय लोगों की मांगखराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत ठीक किया जाए,नियमित निरीक्षण कर खराब लाइटों की सूची बनाई जाए,मुख्य सड़कों और चौराहों पर अतिरिक्त लाइटें लगाई जाएँ,यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जोन-5 के कई इलाकों में रात के समय लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है।

## जानकीपुरम क्षेत्र मे ट्रेन की पटरी पर मिला शव,पुलिस मामले की जांच मे जुटी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जानकीपुरम क्षेत्र के इंजिन्यारिग कॉलेज बाउंड्री के सामने रेलवे की पटरी पर शव देखे जाने से हड़कंप मच गया जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहां मौजूद परिजनों के मुताबिक मृतक का नाम राजा पुत्र अजमत अली उम्र 23 वर्ष है जो शराब का आदि है वो अक्सर रेल की पटरी पर बैठकर नशा करता था इसी नशे मे उसे ट्रेन की आवाज़ सुनाई नही दी जिसकी चपेट मे आने से उसकी मृत्यु हो गई।

## दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन मालिक को पुलिस ने भेजा जेल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में 05 मार्च को हुए किसान पथ पर हादसे में 2 लोगो की मौत के बाद पीड़ित सुमेश कुमार निवासी ग्राम गोपालखेड़ा, पुरसेनी, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के बाद पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाहन मालिक को गिराफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।पुलिस के मुताबिक पिता सुशील कुमार व वादी के नाना मुन्नीलाल की सड़क दुर्घटना में हुई मौत हुई थी। तथा पीड़ित की माता बबली गंभीर रूप से घायल हो गयीं।विवेचना के क्रम में घटना में प्रयुक्त वाहन की जानकारी प्राप्त करने पर वाहन स्वामी का नाम शिवम सिंह चौहान निवासी खुर्दही बाजार बक्कास, थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ पाया गया।पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के निवास स्थान खुर्दही बाजार बक्कास पर दबिश देकर अभियुक्त शिवम सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# लखनऊ,अवध चौराहे पर बाहरी बसों से भीषण जाम, राहगीर परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी के व्यस्ततम चौराहों में से एक अवध चौराहा (आलमबाग-कानपुर रोड क्षेत्र) इन दिनों भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। खासकर बाहरी जिलों से आने वाली निजी और रोडवेज बसों के सड़क पर ही रुकने से पूरे इलाके में लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह और शाम के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। बस चालक सवारी उतारने और बैठाने के लिए चौराहे और मुख्य सड़क पर ही बसें खड़ी कर देते हैं, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कई बार तो लोगों को कुछ सौ मीटर की दूरी तय करने में ही 20 से 30 मिनट तक लग जाते हैं।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अवध चौराहे के आसपास ई-रिक्शा, ऑटो और निजी बसों का जमावड़ा भी जाम की बड़ी वजह बन रहा है। कई वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए सड़क के बीचों-बीच रुक जाते हैं, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो जाता है। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार बस स्टैंड के बाहर सड़क किनारे बसों के खड़े होने और सवारी चढ़ाने-उतारने से शहर के कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस से मांग की है कि अवध चौराहे पर अवैध रूप से खड़ी होने वाली बसों और ऑटो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके।स्थानीय लोगों की मांग:सड़क पर सवारी बैठाने-उतारने वाली बसों पर कार्रवाई,चौराहे के आसपास अवैध पार्किंग पर रोक,ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती,बसों के लिए अलग निर्धारित स्टॉप,अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में अवध चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था और भी बिगड़ सकती है, जिससे आम जनता की परेशानी बढ़ना तय है।

# आबकारी नियमों को तार-तार करते कुछ थाना क्षेत्रों के शराब विक्रेता

❒ पुलिसिया मेहरबानी और शराब विक्रेताओं की मनमानी से दारु चौबीस घंटे बेचे जाने का कार्यक्रन धड़ल्ले से चल रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । आबकारी विभाग जब शराब का लाइसेंस देता है तो साथ मे एक गाइड लाइन भी दी जाती है जो समस्त शराब विक्रेताओं के लिए सामान्य होती है जैसे आप शराब की बिक्री दिए गये निश्चित समय पर ही कर सकते हैं और वो समय होता है सुबह 10 बजे से रात के दस बजे तक का लेकिन कई जगहों पर पुलिसिया मेहरबानी और शराब विक्रेताओं की मनमानी से दारु चौबीस घंटे बेचे जाने का कार्यक्रन धड़ल्ले से चल रहा है।

उदाहरण के तौर पर जब आप डालीगंज पुल से आगे बढ़ते हुए महानगर वाली रोड पर पहुंचेंगे तो आपको दारु की 24 घंटे वाली सेवा उयलब्ध मिलेगी वहीं थाना क्षेत्र अलीगंज की गल्ला मंडी के ठीक सामने वाला ठेका भी आपको यही सुविधा प्रदान करेगा और तो और डालीगंज स्थित मदेय गंज थाना वाली रोड पर दुकान भी आपको कभी मायूस नही होने देगी यहाँ भी शराब 24 घंटे आपकी सेवा मे उपलब्ध रहती है अब सवाल ये है कि क्या थाना महानगर,अलीगंज या मदेयगंज मे पुलिस को इस बात की भनक तक नही लग पाती या इन ठेकेदारों की पुलिस से अच्छी बनती है जवाब चाहे जो भी हो लेकिन इस तरह की शराब बिक्री ना सिर्फ आबकारी विभाग के नियमों को ठेंगा दिखाती है बल्कि इससे उन लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिन्हे शराब पसंद नही,अब उम्मीद की जानी चाहिए कि वायरल विडिओ को आधार मानकर और वहां के लोगों से हुई इस विषय पर बात के बाद प्रकशित की गई हमारी इस खबर से इन थाना क्षेत्रों मे तो कुछ सख्ती ज़रूर दिखाई देगी साथ इसके अलावा जहाँ भी ये खेल खेला जा रहा है उस पर भी प्रतिबंध लगेगा।

# 8 माह से मानदेय बकाया कैसे हो कार्य

❒ सरोजिनी नगर में मनरेगा कर्मियों ने बीडीओ को दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सरोजनी नगर, लखनऊ । मनरेगा कर्मियों ग्राम रोजगार सेवक , कम्प्यूटर आपरेटर , तकनीकी सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों ने शनिवार को विगत काफी समय से लम्बित मानदेय भुगतान न होने के कारण खंड विकास अधिकारी को मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है।

कर्मचारियों ने बताया कि विभाग के निर्देशों के क्रम में जनपद के लक्ष्यों की पूर्ति में पूर्ण योगदान देते हुए लक्ष्य पूर्ति की गई है तथा विभागीय कार्यों के अतिरिक्त एस0आई0आर0/क्राप सर्वे सहित अन्य कार्यों में भी अपना पूर्ण योगदान दिया गया है किन्तु विभागीय शिथिलता के कारण हम कर्मियों को विगत जुलाई 2025 से मानदेय नहीं मिला है तथा ई0पी0एफ0 की देयता भी काफी समय से लम्बित है। विगत दीपावली में वेतन नहीं मिल पाया तथा वर्तमान होली में भी वेतन नहीं मिल पाया, जिस कारण हम कर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारियाँ वृहद स्तर पर प्रभावित हो गई हैं। गम्भीर आर्थिक संकट के कारण हम कार्मिक विभागीय दायित्वों तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों में संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। मानदेय न प्राप्त होने के कारण उ0प्र0 के ग्राम रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायकों द्वारा आत्महत्या किये जाने जैसी गतिविधियाँ हो रही हैं।मनरेगा कर्मचारी लम्बे समय से मानदेय भुगतान न मिलने तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्य के नाम पर किये जा रहे शोषण एवं उत्पीड़न से बेहद आहत हैं। प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिए गए ज्ञापन में अति शीघ्र मानदेय दिलाने का अनुरोध किया गया है अन्यथा वह उपमुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सभी तथ्यों तथा मानदेय व ई0पी0एफ0 भुगतान न किये जाने की वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु विवश हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मलिहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

❒ जनपद की पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 370 प्रकरण प्राप्त हुए, 67 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । जनपद लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। तहसील मलिहाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 28 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 35 में से 04 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 90 में से 28 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 55 में से 09 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 133 में से 21 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 57 में से 05 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए गये। आज जनपद में पुलिस 61, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 05, राजस्व 187, विकास 27, शिक्षा 03, स्वास्थ्य 03, समाज कल्याण 12, नगर निगम 01 तथा अन्य 71 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील मलिहाबाद श्री अंकित कुमार, तहसीलदार मलिहाबाद, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस किया गया आयोजित

❐ सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 76 शिकायतों में से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महोली में प्राप्त 22 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील लहरपुर में प्राप्त 28 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# जिलाधिकारी ने तहसील महमूदाबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ नायब तहसीदार न्यायालय में विगत एक माह में निस्तारित मुकदमों की पत्रावलियों एवं विचाराधीन पत्रावलियों का भी अवलोकन किया

सीतापुर । जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 ने शुक्रवार को तहसील महमूदाबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायालय पहुंचकर विवादित मुकदमों की पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये पत्रावलियों त्रुटियां पाये जाने एवं अधिक समय तक लम्बित रखने पर तहसीलदार को कड़ी फटकार लगायी। लेखपाल द्वारा कार्यों में रूचि न लेने एवं सही ढंग से कार्य न करने पर तहसीलदार उचित कार्यवाही करें।

नायब तहसीदार न्यायालय में विगत एक माह में निस्तारित मुकदमों की पत्रावलियों एवं विचाराधीन पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही अन्य न्यायालयों की पत्रावलियों का भी अवलोकन करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। उपजिलाधिकारी न्यायालय में धारा-38, कुरा बटवारों की पत्रावलियों का अवलोकन किया। उपजिलाधिकारी कक्ष पहुंचकर जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये दो शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक सही न मिलने पर उपजिलाधिकारी महमूदाबाद पर नाराजगी व्यक्त की। रजिस्ट्रार कानूनगो पटल का भी निरीक्षण करते हुये मास्टर रजिस्टर न मिलने पर तहसीलदार को कड़ी फटकार लगायी। तालाब एवं मत्स्य पालन पट्टा रजिस्टर का अवलोकन किया। वर्ष 2025-26 तालाब एवं मत्स्य पालन पट्टा में आवंटित पत्रावलियों को भी अवलोकन करते हुये पत्रावलियों में कमियां पाये जाने पर तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। लेखपालों की सेवापुस्तिका का अवलोकन के दौरान सेवापुस्तिका अद्यतन न पाये जाने पर रजिस्ट्रार कानूनगों सतीश कुमार पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सेवापुस्तिका अद्यतन रखने के निर्देश दिये एवं तहसीलदार को फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि वह स्वयं भी सेवापुस्तिका एवं अन्य कार्यों का अवलोकन करते रहें।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह, तहसीलदार महमूदाबाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

रायबरेली। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस उपजिलाधिकारी गौतम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें आईं जिनमें राजस्व की 13, पुलिस की 09, विकास की 03 व अन्य की 03 रही जिनमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, नायब तहसीलदार सत्या राज , खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।इनसेट- कई बार अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद बछरावां थाना क्षेत्र के बबुरिहा खेड़ा निवासी सुभद्रा को उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने दिलाया त्वरित न्याय। समाधान दिवस में पहुंची सुभद्रा ने उपजिलाधिकारी गौतम सिंह से बताया कि 24 फरवरी 2023 को एस डी एम कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया है।

# होली की छुट्टियों में हरियाली का कत्लेआम: 72 घंटे में सैकड़ों प्रतिबंधित पेड़ काटे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ वन विभाग बोला-अभी हम छुट्टी पर है

सकरन , सीतापुर । होली की छुट्टियों का फायदा उठाकर लकड़कट्टों ने क्षेत्र की हरियाली पर ऐसा आरा चलाया कि महज 72 घंटे में सैकड़ों प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ धराशायी हो गए। पेड़ों के इस बड़े पैमाने पर कटान ने स्थानीय वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हैरानी की बात यह रही कि जब इस बारे में जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी ली गई तो उनका सीधा जवाब था कि ल्लहम छुट्टी पर थे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सेमराकला, देवतापुर, मोहारी, महतीन पुरवा, बेलवा, बेलवा बसहिया, मोहलिया, उमरा खुर्द, उमरा कला, शाहपुर लहसड़ा और सोहरिया गांवों में बड़े पैमाने पर पेड़ों का कटान किया गया। प्रतिबंधित प्रजाति के नीम, शीशम, जामुन, गूलर, बिलोर और जंगल जलेबी जैसे पेड़ों पर आरे गरजते रहे और सैकड़ों पेड़ जमींदोज कर दिए गए।बताया जाता है कि मोहारी गांव के नाले के अंदर सरकारी जमीन पर लगे बिलोर, जामुन, गूलर और जंगल जलेबी के पेड़ों को भी नहीं बख्शा गया। वहीं मोहलिया गांव में जैती, जामुन और शीशम के पेड़ काट दिए गए। बेलवा और सेमरा कला में नीम और बौर से लदे देसी आम के पेड़ों को भी आरे से गिरा दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि कुछ पेड़ों के परमिट की आड़ में दर्जनों हरे-भरे पेड़ों का सफाया कर दिया गया। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या विभाग ने सचमुच इतने पेड़ों के कटान की अनुमति दी थी या फिर बिना परमिट कटान के बाद औपचारिकता के तौर पर जुर्माना लगाकर मामले को दबा दिया गया।सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में तैनात कुछ जिम्मेदारों ने स्थानीय पुलिस से कथित मिलीभगत कर मोटी रकम लेकर पेड़ों का कटान करवाया है। यही नहीं, सरकारी योजनाओं के तहत लगाए गए हजारों पौधों की भी कोई देखरेख नहीं हुई और सैकड़ों पौधे बकरियों का निवाला बन गए।तीन दिन की छुट्टी के दौरान जिस तरह से हरियाली का सफाया हुआ, उससे क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में गांजर क्षेत्र पूरी तरह हरियाली विहीन हो जाएगा।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर वन विभाग अपनी कुम्भकर्णी नींद से कब जागेगा और दोषियों पर कार्रवाई करेगा या फिर यूं ही छुट्टियों की आड़ में हरियाली का कत्ल होता रहेगा।

## मनरेगा कर्मियों ब्लाक कार्यालय पर प्रदर्शन कर बी.डी.ओ को सौपा ज्ञापन

रायबरेली। लंबे समय से मानदेय न मिलने से नाराज मनरेगा कर्मियों ने शनिवार को महराजगंज ब्लाक कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर बी.डी.ओ को ज्ञापन सौंपा है। मनरेगा कर्मियों ने कहा कि जुलाई 2025 से लंबित वेतन के कारण कर्मचारियों के सामने भरण-पोषण का संकट पैदा हो गया है। समय पर मानदेय न मिलने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मचारी और ग्राम रोजगार सेवकों समेत तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर ने ब्लाक कार्यालय में एकत्रित हुए।

## पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

तिलहर, शाहजहांपुर । पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।दरअसल, थाना तिलहर में जनपद कासगंज के थाना सोरो कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले राजू उर्फ कल्लू पुत्र अजुद्दी सिंह के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराया और दर्ज धाराओं में पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। इस मामले में आरोपी राजू उर्फ कल्लू फरार चल रहा था। पुलिस ने आज अभियुक्त राजू उर्फ कल्लू को खैरपुर चौराहे से गिरफ्तार किया। थाना तिलहर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव, हेड का. मोहम्मद अहसान, का. शरद यादव मौजूद रहे।

# जिला सहकारी बैंक की 87वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक

❐ सहकारी बैंक ने पहली बार 1000 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया-जितिन प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जिला सहकारी बैंक की 87वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक अटल बिहारी बाजपेई सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारत सरकार के राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार सहकारिता आंदोलन को पारदर्शी, जवाबदेह और जीवित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बैंक के 87 वर्षों के सफर को जनता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण बताते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के शानदार आंकड़े प्रस्तुत किए। कहा कि यह बैंक जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। बैंक की कार्यशील पूंजी ने पहली बार एक हजार करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है और यह 1004.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। किसानों और जमाकर्ताओं के बढ़ते विश्वास के चलते बैंक की अंशपूंजी 27.95 करोड़ रुपये से भारी उछाल के साथ 41.48 करोड़ रुपये हो गई है। बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 1.02 करोड़ रुपये से सीधे दोगुना होकर 2.07 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा, 75.03 प्रतिशत के सुधरे हुए रिकवरी रेट और मात्र 0.84 प्रतिशत के नेट एनपीए के सुरक्षित स्तर के साथ बैंक ने अपना ए श्रेणी का ऑडिट वर्गीकरण बरकरार रखा है। वर्तमान में बैंक की 22 में से 20 शाखाएं मुनाफ़े में संचालित हो रही हैं। उन्होंने किसानों को खेती में आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता पर विशेष जोर दिया। अपील की कि वे उपज बढ़ाने, लागत कम करने और अपनी आय दोगुनी करने के लिए खेती में इन उन्नत तकनीकों और स्मार्ट समाधानों को तेजी से अपनाएं। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने कहा कि यह प्रगति शाहजहांपुर के किसानों के सशक्तिकरण का प्रमाण है। लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि बी-पैक्स के कंप्यूटरीकरण से किसानों को बिचैलियों से मुक्ति मिली है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संचालक मंडल और बैंक के अधिकारी किसानों की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। वहीं, गुरगवां पैक्स सभापति आयुष सिंह और नियामतपुर पैक्स सभापति तनु यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। संचालन आकाशवाणी लखनऊ में कार्यरत बिंदु जैन ने किया। कार्यक्रम में कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सिंधौली ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर सिंह, ब्लॉक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ला, खुटार ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित, मिर्ज़ापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, जलालाबाद ब्लॉक प्रमुख लता सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी आदि कई लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में समाधान दिवस, 68 शिकायतों में 7 का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को तहसील पलिया के सभागार में ल्लसम्पूर्ण समाधान दिवसङ्क का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग सहित अन्य जनपदीय अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।समाधान दिवस के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने अधिकारियों के साथ जनसुनवाई करते हुए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में आमजन की समस्याओं का समाधान सर्वोपरि है, इसलिए किसी भी शिकायत को हल्के में न लिया जाए।सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ तत्काल समाधान किया जाए और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समाधान दिवस के दौरान कुल 68 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 37, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 4, नगर निकाय की 3, विकास विभाग की 2, आपूर्ति विभाग की 1 तथा अन्य विभागों की 8 शिकायतें शामिल रहीं। सभी शिकायतों को पंजीकृत कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए भेज दिया गया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) डॉ. अवनीश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) विशाल सिंह, तहसीलदार सहित अन्य जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।समाधान दिवस के दौरान प्रशासन की ओर से एक संवेदनशील पहल भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 ने आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष पहुंचकर अव्यवस्थाओं को देखते हुये कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

स्टॉफ नर्स अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटनें, चिकित्सक अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन, फार्मासिस्ट द्वारा दवाएं सही दिखाये जाने एवं दवाओं का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के साथ ही एक दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये। कमियां जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बिसवां का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायें।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना।जिसमें प्राप्त 35 शिकायतों में से कुल 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शेष शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध करने के निर्देश दिए। कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस सहित आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ समस्या निस्तारण के समय जीपीएस लोकेशन सहित फोटो अवश्य लें। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के दौरान मौके पर लिया गया फोटो भी अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने आईजीआरएस शिकायतों को गलत तरीके से स्पेशल क्लोज किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि ऐसा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में शायरों ने बांधा समां




**तिलहर, शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली के उपलक्ष्य में हर साल की भांति इस बार भी बीती रात बरिष्ठ आईपीएस शिवमुरारी सहाय के निवास ड्यूढी हिंदू पट्टी में 26वां कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर शायरों व कवियों ने शिरकत की। मुशायरे में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और मीरानपुर कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस भी मौजूद रहे। इस दौरान हिंदुस्तान के मशहूर शायर मंजर भोपाली ने अपने गीतों व गजलों से समा बांध दिया। उन्होंने कहा कि तुम भी पियो हम भी पीएं रब की मेहरबानी, प्यार के कटोरे में गंगा का पानी। दिल्ली से आए शायर इकबाल अशर ने सुनाया उर्दू है मेरा नाम मैं खुसरो की पहली, मैं मीर की हमराज हूं गालिब की सहेली। हिमांशी बाबरा ने कहा दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में, जुल्फें सफ़ेद हो गईं उन्नीस साल में। चराग शर्मा ने सुनाया तितली का शौक है न गुलाबों का शौक है, मेरी तरह उसे भी किताबों का शौक है। अफजल इलाहाबादी ने कहा मेरी तामीर मुकम्मल नहीं होने पाती, कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है। अनवर अमान ने सुनाया ये काम कितने सलीके से कर गया कोई, नजर के रास्ते दिल में उतर गया कोई। पंडित सुनील सौम्य ने कहा भावनाओं से पतला तरल भी नहीं, वेदनाओं से बढ़कर गरल भी नहीं। प्रीति पाण्डेय ने सुनाया जब जी चाहे उठा करेंगे जब जी चाहे सोएं, आधे कपड़े तुम धो लेना आधे को हम धोएं। नदीम फारूख ने कहा अगर जबान अता की है तो सदा भी दे, वगरना हरफ़े गलत की तरह मिटा भी दे। शाश्वत सिंह दर्पण ने सुनाया प्यार में उसके सारी बातें खिलते फूल के जैसी हैं, और गुस्से में बोला जुमला बात नहीं है आरी है। गुलिस्तां खान ने कहा दो साए कड़ी धूप में एक जान हुए है, इस बात से कुछ लोग परेशान हुए हैं। शमशाद आतिफ ने सुनाया मौत आ गई हयात से आगे निकल गए, कुछ लोग कायनात से आगे निकल गए। मुशायरे में धनंजय सहाय, अनंत सहाय, गौरव सहाय, सौरभ सहाय, प्रदीप गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, सगीर खान, आमिर मियां, साजिद अली, राहत उल्ला आदि श्रोता मौजूद रहे। अंत में शिव मुरारी सहाय ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## श्री राम चरित मानस का दितीय दिवस में अयोध्या से पधारे विद्या भूषण शास्त्री

**रायबरेली।** महराजगंज क्षेत्र के कड़रिया मजरे बारी गोहन्ना गांव स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे विद्याभूषण शास्त्री ने कथा के दौरान बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस की रचना करके संपूर्ण मानवजाति को प्राणी मात्र के प्रति कर्तव्यबोध कराया। रामचरित मानस गृहस्थ जीवन का संविधान है। यह जीवन जीने की कला सिखाती है। सफल एवं सुखमय जीवन जीने के लिये नित्यप्रति मानस का पाठ करना चाहिए। इससे घर मे सुख शांति रहती है और सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विषम परिस्थितियों में संघर्ष की शक्ति मिलती है।जनपद इटावा से आये राघव किशोर रामायणी ने भरत चरित्र के प्रसंगों द्वारा समाज को भाई प्रेम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाज में आज भाई-भाई में प्रेम नहीं ईर्ष्या द्वेष कलह हो रहा है।

# खखरा चौराहे पर सीएनजी टैंकर पलटा प्रशासन की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शहर के व्यस्त खखरा चौराहे पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सीएनजी गैस से भरा एक टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर पलटते ही उसमें गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया।घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल खखरा चौराहे से जुड़े सभी रास्तों को बंद कर दिया गया और यातायात को वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों को भी एहतियातन घटनास्थल से दूर रहने की सलाह दी गई।गैस टैंकर में रिसाव की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मौके पर एसडीएम, सीओ और कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंच गईं और गैस रिसाव को नियंत्रित करने तथा किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा इंतजाम किए गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर के पलटते ही तेज आवाज हुई और कुछ ही देर में गैस की गंध फैलने लगी, जिससे आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत वहां से दूर हटने लगे। प्रशासन ने मौके पर बैरिकेडिंग कर दी और क्षेत्र को पूरी तरह सील कर दिया, ताकि किसी प्रकार की चिंगारी या आग की घटना से बड़ा हादसा न हो सके।फायर ब्रिगेड और तकनीकी टीम गैस के रिसाव को नियंत्रित करने में जुटी रही। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और पूरी सावधानी बरती जा रही है।

# हत्या के मामले में फरार माँ-बेटे गिरफ्तार, फरधान पुलिस और स्वाट टीम की बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना फरधान पुलिस और स्वाट (SWAT) टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हत्या के एक सनसनीखेज मामले में फरार चल रहे माँ-बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी (पूर्वी) के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में थाना फरधान पुलिस और स्वाट टीम ने सक्रियता दिखाते हुए हत्या के आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम कैमहरा का है। इस संबंध में थाना फरधान पर मु0अ0सं0 54/2026 पंजीकृत है, जिसमें धारा 140(1), 103(1), 238(ए) व 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में माँ और बेटा नामजद आरोपी थे और घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी।इसी दौरान पुलिस को दोनों आरोपियों के संबंध में सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पर थाना फरधान पुलिस और स्वाट टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों ने राहत की सांस ली।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शिवशंकर उर्फ राज पुत्र सरोज निवासी ग्राम कैमहरा, थाना फरधान, जनपद लखीमपुर खीरी तथा ऊमा देवी पत्नी सरोज निवासी ग्राम कैमहरा, थाना फरधान, जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त हत्या के मामले में वांछित चल रहे थे।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करते हुए दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में थाना फरधान टीम के प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे, उपनिरीक्षक अरुण कुमार गिरी, हेड कांस्टेबल कृष्णानन्द, कांस्टेबल गुलशन कुमार, कांस्टेबल गोविन्द कुमार, महिला कांस्टेबल श्रुति साक्य तथा चालक हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार की अहम भूमिका रही। वहीं स्वाट टीम में उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव (प्रभारी स्वाट टीम), हेड कांस्टेबल मनीष यादव, हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश, कांस्टेबल श्रीओम मिश्रा, कांस्टेबल सिकन्दर, कांस्टेबल विकास चौहान, कांस्टेबल गोल्डन, कांस्टेबल अरुण कुमार, कांस्टेबल मेहताब आलम, कांस्टेबल शरद शुक्ला और चालक हेड कांस्टेबल संजय कुमार शामिल रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

## तहसील अमेठी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई बयालिस शिकायतों में मात्र दो का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये। तहसील अमेठी में कुल बयालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मुसाफिरखाना में पन्द्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में तेइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में इकतीस शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें चार का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अमेठी के उपजिलाधिकारी आशीष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पत्रकारिता जगत का एक और स्तंभ ढहा मुस्तकीम अली का सफरनामा समाप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में पत्रकारिता के एक स्वर्ण युग का अंत हो गया है। प्रख्यात समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (घ्ढ्क्र) से लंबे समय तक जुड़े रहे वरिष्ठ पत्रकार मुस्तकीम अली का निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही जिले के पत्रकारिता जगत, राजनीतिक गलियारों और सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। सत्यता और शुचिता के पर्याय मुस्तकीम अली केवल एक पत्रकार ही नहीं, बल्कि उभरते हुए पत्रकारों के लिए एक संस्थान के समान थे। 'पीटीआई' जैसी प्रतिष्ठित एजेंसी के माध्यम से उन्होंने दशकों तक मुरादाबाद की खबरों को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी प्रमुखता से रखवाया। उनकी पत्रकारिता अपनी ईमानदारी, निष्पक्षता और तथ्यों की सटीकता के लिए जानी जाती थी। शहर की नब्ज पर पकड़ एक मृदुभाषी और समर्पित व्यक्तित्व के धनी मुस्तकीम अली को मुरादाबाद की नब्ज का गहरा ज्ञान था। पीतल नगरी की समस्याओं से लेकर यहाँ की सांस्कृतिक विरासत तक, उनकी लेखनी ने हर पहलू को बारीकी से छुआ। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहकर सटीक रिपोर्टिंग करना उनकी कार्यशैली की मुख्य विशेषता थी।

शोक और श्रद्धांजलि उनके निधन पर मुरादाबाद के विभिन्न पत्रकार संगठनों, प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों ने कहाः ''मुस्तकीम भाई का जाना न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरी पत्रकारिता बिरादरी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पत्रकारिता के उन मूल्यों ो जीवित रखा, जो आज के समय में विरल होते जा रहे हैं। पत्रकारिता में अमूल्य योगदान अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को कवर किया। उनकी रिपोर्टिंग ने कई बार स्थानीय प्रशासन का ध्यान जनहित के मुद्दों की ओर खींचा, जिससे आम जनता को राहत मिली। वे हमेशा नए पत्रकारों का मार्गदर्शन करने के लिए तत्पर रहते थे, जिसके कारण वे युवाओं के बीच भी अत्यंत लोकप्रिय थे।

मुस्तकीम अली का जाना मुरादाबाद की पत्रकारिता के इतिहास में एक ऐसा खालीपन छोड़ गया है, जिसे भर पाना आसान नहीं होगा।

## नमांमि गगें जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत किसान मेला आयोजित

बदायूँ। यूपी डास्प द्वारा सचांलित नमांमि गगें जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत कृषक गोष्ठी /जैविक किसान मेलें का आयोजन ब्लाक दहगवा परिसर में माननीय ब्लॉक प्रमुख सुभाषचन्द्र गुप्ता जी की अध्यक्षता में कार्यदायी सस्थां वायोसर्ट इन्टर नेशनल द्वारा किया गया जैविक किसान मेला में जिला परियोजना समन्वयक द्वारा रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा जैविक विधि से डीमक व फफूदींनाशक रोगों के रोकथाम के बारे में बताया गया एवं नमामि गगें के जिला प्रभारी लवकुश मिश्रा द्वारा जैविक विधि से फसल में पोषकतत्व प्रबंधन के बारे में बताया गया तथा डा0 आर एस सिहं द्वारा जैविक फसल में रोग व कीट नियंत्रण के बारे में वताया गया साथ ही ब्लाक प्रमुख श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता जी द्वारा किसानों को जैविक खेती करने की अपील के साथ ही यदि कोई किसान जैविक खेती करना चाहता है तो अपनी दो हेक्टएयर जमीन पर जैविक खेती कराने तथा पूर्ण सहयोग करने हेतु कहा गया।

## श्रीमद भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को मृत्यु के भय से मिलती है मुक्ति : आचार्य उज्जवल कृष्ण शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य उज्जवल कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य निजी स्वार्थ के कारण ही भक्ति और ज्ञान से दूर हो रहा है। संतों और गुरु के साथ रहने से मनुष्य को ज्ञान मिलता है और मनुष्य भक्ति के मार्ग पर चलकर मोक्ष के मार्ग पर बढ़ता है।उन्होंने भक्तों से कहा कि लोग समय का बहाना बनाकर भक्ति से दूर होते जा रहे हैं। हमें प्रभु की आराधना के लिये भी समय प्रतिदिन निकालना चाहिये यदि हम घर में बुजुर्गों का आदर और स्त्रियों का सम्मान करेंगे तो घर में कभी विवाद नही होंगे और परिवार आदर्श कहलायेगा। इसके लिये जरूरी है कि हम बच्चों को बचपन से ही धर्म और संस्कारों की शिक्षा दें।कथा व्यास ने कहा कि जरूरत से ज्यादा सुख भी दुख का कारण बनता है।कलयुग में भगवान की प्राप्ति मनुष्य अपने अंदर के भय को निकालकर प्राप्त कर सकता है।कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण ही वास्तव में व्यक्ति को मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाता है व्यक्ति के मन में यदि कोई प्रश्न है तो निश्चित तौर पर उसे भागवत कथा में प्रश्नों का उत्तर मिल जायेगा। यजमान लोधेश्वर शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास का फूल मालाओं से स्वागत किया।इस मौके पर श्रुति अवस्थी,गोपी चंद्र बाजपेई, महेन्द्र अवस्थी,उत्तम कुमार बाजपेई, प्रदीप कुमार मिश्रा,श्रीकंात त्रिपाठी, शिव कुमार तिवारी,राकेश मिश्र,सूरज दीक्षित,मुकेश द्विवेदी, शिव वरदान अवस्थी सहित अन्य तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## सराफा की दुकान से सोने का पेंडेंट चोरी

बदायूं। सराफा बाजार में बुर्का पहने महिला ग्राहक ने सोने के पेंडेंट देखने को निकलवाए। इसी बीच एक पेंडेंट गायब हो गया। सराफा कारोबारी को इसका पता तब लगा जब बाद में पेंडेंट गिनवाए गए। कारोबारी ने पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। मामला शहर के सराफा कारोबारी जितेंद्र महाजन की दुकान का है। जितेंद्र ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भी हैं। तहरीर के अनुसार, बृहस्पतिवार को एक महिला तथा एक पुरुष उनकी दुकान पर आए। महिला ने बुर्का पहन रखा था, जबकि पुरुष ने भी अपने सिर पर गमछा लपेट रखा था। दुकान पर काम करने वाले स्टाफ से उन्होंने चार ग्राम तक का पेंडेंट दिखाने को कहा। इस पर कर्मचारी सचिन शर्मा ने उनके सामने सात पेंडेंट रख दिए। कारोबारी का आरोप है कि इसी बीच दोनों ने बातों में उलझाकर एक पेंडेंट गायब कर दिया। चोरी का पता तब चला जब स्टाफ ने बाद में पेंडेंट की गिनती की। कारोबारी जितेंद्र महाजन गायब हुए पेंडेंट की कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई है।

## जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संभल (बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील गुन्नौर में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार,तहसीलदार गुन्नौर रविन्द्र विक्रम सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संभल एवं असमोली में आयोजित विधानसभा स्तरीय खेल

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहन दीक्षित युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या 2461/ 6-48/ यू का /2024 दिनांक 27 फरवरी 2026 एवं उपनिदेशक महोदय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल बरेली मंडल के कार्यवृत्त पत्र संख्या 176 दिनांक 6 मार्च 2026 के अनुपालन में विधानसभा चंदौसी संभल एवं असमोली में आयोजित विधानसभा स्तरीय खेल विधा बैडमिंटन ,जूडो ,कुश्ती, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग ,फुटबॉल एवं एथलेटिक्स में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों का ट्रायल दिनांक 8 मार्च से 10 मार्च कराया जाएगा । 8 मार्च 2026 को बेडमिंटन और जूडो का ट्रायल क्रमशः सिल्वरस्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई एवं एस वी एम कान्वेंट स्कूल बहजोई, 9 मार्च 2026 को फुटबॉल, कुश्ती और कबड्डी के ट्रायल क्रमशः जे एल एम इंटर कॉलेज सिरसी एवं त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कल्याणपुर रिठाली में तथा 10 मार्च 2026 को एथलेटिक्स और वॉलीबॉल के ट्रायल सिंहपुर साहनी खेल मैदान विकासखंड बनिया खेड़ा में कराए जाएंगे

## एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की अंबेडकर और रानी लक्ष्मीबाई इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम रसूलपुर बिलहरी और पड़ौवा में शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन किया। पहले दिन स्वयंसेवकों ने संकल्प लेते हुए सामाजिक सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों ने ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

## 14 मार्च को बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं के जिला न्यायालय परिसर में 14 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश विवेक संगल करेंगे। लोक अदालत में सिविल, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक, श्रम, राजस्व तथा बिजली-पानी बिल जैसे मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा और सिविल मामलों में न्याय शुल्क की वापसी की भी व्यवस्था है।

## मध्यवर्गीय परिवार में जन्मे आयुष ने बढ़ाया जिले का मान

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय सनातन बोर्ड के पदाधिकारियों ने संघ लोक सभा आयोग में चयनित आयुष पाठक के परिवार से भेंट वार्ता कर बधाइयां प्रेषित की पिता प्रमोद पाठक ने बताया कि आयुष ने घर के ऊपर पढ़ाई के लिए अलग एक कमरा बना रखा है, वह केवल भोजन के लिए ही नीचे आता था और पुनः अपने अध्ययन में लग जाता सनातन बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने बताया कि आयुष की यह सफलता हजारों की संख्या में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और उनके परिवारों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करेगी, कार्यक्रम में डॉ सुशील गुप्ता एड अरविंद गुप्ता, चंद देव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव से तीन बच्चों संग महिला लापता

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी देवेंद्र की पत्नी अपने तीन बच्चों सहित लापता हो गई। देवेंद्र ने कोतवाली पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराने को शिकायती पत्र दिया है।जानकारी के अनुसार देवेन्द्र राठौर दिल्ली में रहकर बेलदारी करता है। होली का त्योहार मनाने पत्नी व चार बच्चों संग गांव नसरुल्ला पुर आया। देवेंद्र ने बताया कि नाते- रिश्तेदारों के मालूम कर लिया कहीं भी कोई जानकारी ना मिलने पर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर पत्नी व बच्चों की खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

## हर खेत को पानी के संकल्प को साकार कर रहा नलकूप खंड चंदौसी जनपद-संभल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल । 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग (श्री वंश गोपाल तीर्थ) पर स्थित समस्त नलकूपो का कायाकल्प कर अद्भुत सुंदर बनाया जा रहा है, जहां परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं/ सम्मानित किसानो के लिए बैठने के लिए बेंच, पीने के लिए पानी की उपलब्धता है, नलकूप की सुंदरता सेल्फी लेने के लिए आकर्षित करती है मा. जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह के कुशल मार्गदर्शन में हर खेत को पानी का संकल्प प्रदेश में तेज़ी से साकार रूप ले रहा है। सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए जगह-जगह पर किसान चौपाल का आयोजन किया जा रहा है एवं स्पष्ट निर्देशों के परिणामस्वरूप नलकूप विभाग ने ग्रामीण अंचलों में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। माननीय मंत्री जी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक किसान तक समय पर और पर्याप्त सिंचाई जल पहुँचे, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़े और किसानों की आय में वृद्धि हो। उनके नेतृत्व में नलकूपों के पुनर्भरण (रीबोर), लाइन गूल की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति समन्वय तथा नई तकनीकी (आई.ओ. टी. ) के उपयोग को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बंद एवं अक्रियाशील नलकूपों को पुनः चालू कर लाखों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा से पुनः जोड़ा गया है। इससे न केवल जल प्रबंधन बेहतर हुआ है, बल्कि किसानों को निजी साधनों पर निर्भरता भी कम हुई है। नलकूप विभाग की तत्परता, पारदर्शिता और जवाबदेही की सराहना करते हुए कहा जा सकता है कि यह विभाग वास्तव में किसानों के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। विभागीय टीमों द्वारा नियमित निरीक्षण, समयबद्ध मरम्मत और तकनीकी उन्नयन से सिंचाई तंत्र मजबूत हुआ है। हर खेत को पानी केवल एक नारा नहीं, बल्कि किसानों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। माननीय मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह जी के कुशल नेतृत्व में नलकूप विभाग प्रदेश के कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आत्मनिर्भर किसान, समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अग्रसर है।

# आठ साल से एक ही जगह जमे लेखपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही स्थान पर तैनात नहीं रह सकता। इसके बावजूद उझानी शहर में एक लेखपाल पिछले लगभग आठ वर्षों से अटैचमेंट के सहारे एक ही स्थान पर कार्यरत है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, जब भी संबंधित लेखपाल का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होता है, तो औप चारिक रूप से उनका तबादला पास के ग्रामीण क्षेत्रों में कर दिया जाता है। हालांकि, कुछ ही समय बाद उन्हें फिर से उझानी शहर से अटैच कर दिया जाता है। इस तरहट्रांसफर और अटैचमेंट के इस क्रम के कारण वे लगातार उझानी में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस व्यवस्था के पीछे राजनीतिक पहुंच और प्रशासनिक जोड़तोड़ की भूमिका हो सकती है। लोगों का कहना है कि यदि नियमों का सख्ती से पालन किया जाए तो कई कर्मचारी लंबे समय से एक ही स्थान पर टिके नहीं रह पाएंगे। बताया जाता है कि पहले भी चार साल तक लगातार उझानी में तैनाती के बाद अधिकारियों की नजर पड़ने पर लेखपाल का तबादला अब्दुल्लागंज कर दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें फिर से उझानी से अटैच कर दिया गया। इसके बाद छतुईया में तबादला होने के बावजूद अटैचमेंट का सिलसिला जारी रहा। सूत्रों के अनुसार तहसील स्तर पर इस तरह का अटैचमेंट का खेल जिले की कुछ अन्य प्रमुख जगहों पर भी लंबे समय से चल रहा है। ऐसे मेंस्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

## शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता परक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 36 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 01 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायत कर्ता की संतुष्टि आवश्यक है,इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, विद्युत, नगर पालिका परिषद, खाद्य एवं रसद विभाग, पुलिस व अन्य विभागों के कुल 36 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर एसएसपी, सीडीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बीएलओ ड्यूटी के नाम पर शिक्षण कार्य प्रभावित करना उचित नहीं : जिलाधिकारी

एजेंसी



कानपुर। शिक्षकों का मुख्य कार्य अध्यापन है और किसी भी स्थिति में पठन-पाठन प्रभावित नहीं होना चाहिए। बीएलओ की ड्यूटी विद्यालय प्रारंभ होने से पहले या विद्यालय की छुट्टी के बाद करने का निर्देश है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अलग से एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाता है। शिक्षकों को उनका वेतन शिक्षण कार्य के लिए मिलता है, इसलिए बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अपने मूल कार्य से विरत होना उचित नहीं है। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को कंपोजिट विद्यालय कठेरुआ का जायजा लिया। इस दौरान तीन शिक्षिकाएं आरती, विभा निगम और अनिता कटियार विद्यालय में अनुपस्थित पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तीनों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शिक्षिकाओं ने अनुपस्थिति का कारण बीएलओ ड्यूटी बताया। इस पर जिलाधिकारी ने मौके से ही मोबाइल फोन के माध्यम से तीनों शिक्षिकाओं से बात कर विद्यालय न आने की वजह पूछी। बातचीत में सामने आया कि दो शिक्षिकाएं अपने घर पर थीं, जबकि एक ने रास्ते में होने की बात कही।

विद्यालय में सविता, अर्चना राठौर, शशि गौतम और अस्मिता तिवारी उपस्थित मिलीं, जबकि दो शिक्षामित्र भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते पाए गए। वहीं, दो शिक्षक बीएलओ कार्य देखने के साथ-साथ अध्यापन कार्य भी करते मिले। जिलाधिकारी ने ऐसे शिक्षकों की सराहना की, जो बीएलओ ड्यूटी निभाने के साथ विद्यालय में भी नियमित रूप से उपस्थित रहकर पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित मिड-डे मील योजना का भी जायजा लिया। उस दिन भोजन में चावल, दाल और आलू-सोयाबीन की सब्जी बनाई गई थी। जिलाधिकारी ने भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा संचालित फ़ेस रिकग्निशन प्रणाली का भी अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थी आरती देवी का फ़ेस डिटेक्शन कर गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले ड्राई राशन किट वितरण की प्रक्रिया देखी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस व्यवस्था से लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित होगी और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी।

उन्होंने कक्षाओं में स्मार्ट क्लास के माध्यम से हो रही पढ़ाई भी देखी। कक्षा सात के छात्रों से पर्यावरण प्रभाव और टेंस से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया। जिलाधिकारी ने छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## समाधान दिवस पर बिजनौर की डिएम ने सीएमओ को अवैध अस्पतालों की जांच करने के दिए निर्देश

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगीना में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम व अस्पतालों के खिलाफ मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल जांच कराते हुए नगीना सीएचसी में तैनात नोडल अधिकारी के कार्यकाल की अवधि की आख्या भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नगीना तहसील में समाधान दिवस शिकायत सुन रहीं थीं।

सम्मन वास्ते बिनाबर इनफिलास मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, बदायूँ
वाद संख्या- T202512070124381
रामसेवक बनाम अकुंल

रामसेवक पुत्र कीरतलाल नि0 ग्राम दूदेनगर परगना उझानी तहसील व जिला बदायूँ.......................................................वादी

बनाम

1- अंकुल पुत्र सत्यप्रकाश साहू(प्रतिवादी-1) नि0 ग्राम दूदेनगर परगना उझानी जिला बदायूँ हाल नि0 तुगलकाबाद मौ0 सूर्या गली नं0 84/13 नई दिल्ली, दिल्ली-110044 2-दीपा कुमारी पुत्री सत्यप्रकाश साहू (प्रतिवादी-6) नि0 ग्राम दूदेनगर परगना उझानी जिला बदायूँ हाल तुगलकाबाद मौ0 सूर्या गली नं0 84/13 नई दिल्ली, दिल्ली-110044. .......................................................प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत अन्तर्गत धारा 116 उ0 प्र0 राजस्व संहिता हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 11-03-2026 को ववक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो हालात मुकद्मा में कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जबाबदेही दाबा की करे आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप व ताईद उस पर जबाबदेही के इस्तदात करना चाहते हैं। फिर किसी की आपत्ति न सुनी जावेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 26-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
पेशकार
न्यायालय उपजिलाधिकारी, बदायूँ

# पुलिस मुठभेड़ में अपहरण कांड के दो आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले की नवाबगंज पुलिस ने मोरंग व्यव सायी अंकित कुमार यादव के अपहरण मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मु ठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।देर रात उ मरिया पावर हाउस के पास हुई मुठभेड़ में मु ख्य आरोपी विकास मिश्रा और उसके साथी सौरभ दुबे को दबोच लिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर इलाके से गुजर रहे हैं।रात करीब 11 बजे पुलिस टीम ने उन्हें रोक ने का प्रयास किया,लेकिन इस

### आरोपी के पैर में लगी गोली

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में विकास मिश्रा के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।वहीं मौके का फायदा उठाकर भागने की कोशिश कर रहे सौरभ दुबे को भी पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया, तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के पास से एक-एक अवैध तमंचा, 58 हजार रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घा यल विकास मिश्रा को तत्काल सामुदायिक स्वा स्थ्य केंद्र नवाबगंज ले जाया गया,जहां से बेहत र इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### तीन अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश

इस अपहरण कंाड में अभी तीन अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने उनकी गिरफ्तारी के लिए चार पु लिस टीमों का गठन किया है,जो लगातार संभा वित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं,पुलिस के अनु सार दो मार्च को विकास मिश्रा ने मोरंग व्यवसा यी अंकित कुमार यादव को थार गाड़ी लेने की खुशी में पार्टी देने के बहाने बुलाया था।वह अं कित को अपनी कार में बैठाकर बस्ती जिले के परशुरामपुर ले गया, जहां पहले से मौजूद दो लोग असलहे के साथ गाड़ी में बैठ गए।आरो पियों ने खुद को यूपी एसटीएफ का अधिकारी बताकर अंकित यादव का अपहरण कर लिया और करीब 24 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उससे दो लाख रुपये ले लिए और तीन लाख रुपये की और मांग की जा रही थी।

### पुलिस सक्रिय तो छोड़कर फरार हुए आरोपी

पुलिस के सक्रिय होने पर आरोपियों ने तीन मा र्च को मसकनवा गौशाला तिराहा के पास अंकि त यादव को छोड़ दिया और फरार हो गए थे। इसके बाद पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर नवा बगंज थाने में पांच अज्ञात आरोपियों के खिला फ मुकदमा दर्ज किया गया था।वही एसपी वि नीत जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरो पी विकास मिश्रा के खिलाफ अयोध्या में तीन मुकदमे दर्ज हैं।वहीं सौरभ दुबे के खिलाफ ब स्ती और गोंडा में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

# मुकदमे में सुलह न करने पर गांव में ना रहने की दी जा रही धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के कुम्हडौरा गांव में बीते गुरुवार को हुए जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष को लेकर के अब पीड़ित परिवार को मुकदमे में सुलह करने की धमकी देकर के गांव में ना रहने की भी धमकी दी जा रही है।दंबगों के धमकी और आरोपियों पर का र्रवाई न होने से से परेशान होकर के पीड़ित मो हनलाल अपने परिवार केसाथ एसपी कार्यालय पहुंचकर के शिकायत कर पूरे मामले में कार्रवा ई की मांग की है। इस संघर्ष में मोहनलाल गुट के रवि,विनोद, खुशबू, प्रियांशी, परियांशु और मुर ली गंभीर रूप से घायल हो गए थे,जिनका इला ज लखनऊ में चल रहा है,मोहनलाल ने आरोप लगाया है कि मनजीत गोस्वामी और उनके सा थियों द्वारा दर्ज मुकदमे में सुलह करने और गां व छोड़ने की धमकी दी जा रही है।मोहनलाल ने गोंडा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ए सपी को एक शिकायत पत्र सौंपा है।उन्होंने ब ताया कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके परिवार के साथ मारपीट की और कुल्हा ड़ी से हमला किया, जिससे कई लोग घायल हुए हैं। मोहनलाल के अनुसार, उनके परिवार के कुछ सदस्यों की हालत नाजुक बनी हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनजीत गोस्वामी द्वारा मुकदमे में सुलह करने और गांव में न रहने की धमकी दी जा रही है।मोहनलाल ने आशंका जताई है कि उनके और उनके परिवार के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है,जिसकी जिम्मेदारी आरोपियों की होगी उन्हों ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण के आधार पर धाराओं में बढ़ोतरी कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने इस मामले में करनैल गंज कोतवाल को जांच और आवश्यक कार्रवा ई करने के निर्देश दिए हैं।करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने यह भी बताया कि पीड़ित परिवार को धमकी दिए जाने के आरोपों की भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। कोतवाल ने आश्वस्त किया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम और एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में समस्या सुनी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शनिवार को तहसील सभागार में आयो जित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कि या गया।जिसमें जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व राज स्व,पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी कर्म चारी ने द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारिओ क़े द्वारा जनता की जनसमस्या ओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित रा जस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तार ण करने हेतु निर्देशित किया गया।अ धिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# एस.एस.एम. जे.एचएस. इंग्लिश मीडियम शाखा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। स्थानीय सुंदर शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल की इंग्लिश मीडियम शाखा एस.एस.एम. जे.एचएस. में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से फिफ्थ तक के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक अतुल चन्द श्रीवास्तव रहे। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर आंचल, माधुरी और हर्षिता ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन सब डायरेक्टर सुधाकर श्रीवास्तव ने किया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षाफल के अनुसार नर्सरी में शनाया खान प्रथम, सोम वर्मा द्वितीय तथा काशवी तृतीय रहीं। एलकेजी में मोहम्मद अतहर प्रथम, मोहम्मद जैद द्वितीय और मीनाक्षी चौरसिया तृतीय स्थान पर रहीं। यूकेजी में अर्शील खान प्रथम, इनाया खान द्वितीय और अर्पित तृतीय रहे। इसी प्रकार फर्स्ट कक्षा में शनवी श्रीवास्तव प्रथम, मधु वर्मा द्वितीय और रोशनी तृतीय रहीं। सेकेंड कक्षा में हिमांशु प्रथम, अलेहा खान द्वितीय और निगार खान तृतीय स्थान पर रहे। थर्ड कक्षा में शाइस्ता फातिमा प्रथम, अनवहल द्वितीय और माधुरी वर्मा तृतीय रहीं। फोर्थ कक्षा में अभय श्रीवास्तव प्रथम, अविनाश श्रीवास्तव द्वितीय और मोहम्मद अफजल वारसी तृतीय रहे, जबकि फिफ्थ कक्षा में सूची वर्मा प्रथम, अनंत श्रीवास्तव द्वितीय और अलिशबा तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्रीति गुप्ता, सिमरन जहां, यशी मिश्रा, शबीना मिर्ज़ा, हरीश कुमार, संजना श्रीवास्तव, रहनुमा, शूबी, रोशनी, शबनूर, दीपक सिंह, माजूल इदरिशी, नसरीन सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्रा धिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमे बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अ भियुक्त मनीष कुमार सोनकर पुत्र लल्लू सोनक र उर्फ राघवराम सोनकर निवासी शिवबक्श पुर वा मौजा दत्तनगर विशेन थाना कोतवाली नगर को जिला अस्पताल रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।बताते है कि 6 मार्च को वादिनी पूनम पत्नी अशोक कुमार निवासी दत्तनगर शि वबक्श पुरवा थाना कोतवाली नगर में 5 मार्च को लिखित तहरीर दी की रात्रि करीब 8 बजे उनके पति को मनीष सोनकर, विष्णु सोनकर, पवन सोनकर, हरीश सोनकर पुत्रगण राघवराम उर्फ लल्लू सोनकर व श्रवण कुमार उर्फ छोटू ड्राइवर निवासीगण दत्तनगर द्वारा लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से घेरकर मारपीट की गयी,जिसमें म नीष सोनकर द्वारा कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर उनके पति को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया,घटना में संलिप्त अभियुक्त मनीष कुमार सोनकर पुत्र लल्लू सोनकर उर्फ राघवराम सोनकर को जिला अस्पताल रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अ भियुक्त के विरूद्ध पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# मिहींपुरवा में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी राम दयाल, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। सीआरओ ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। सीआरओ ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 25 में 01, कैसरगंज में 27 में 04, पयागपुर में 35 में 06, नानपारा में 52 में 05, महसी में 27 में 02 तथा तहसील सदर में प्राप्त 13 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत विषयक जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बहराइच में आयोजित संगोष्ठी का अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, उ.प्र. शासन तथा महानिदेशक उपाम एवं एस.आई.आर.डी. एल. वेंकटेश्वर लू ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, गैर सरकारी संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं अन्य स्टेक होल्डर्स द्वारा संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अपर प्रमुख सचिव श्री लू ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कर्मयोग की मूल विचारधारा को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग केवल एक आध्यात्मिक दर्शन नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है, जो अभ्युदय यानी समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग ऐसा माध्यम है यह न केवल आत्मज्ञान को जागृत करता है, बल्कि युवाओं को अपने जीवन के उद्देश्यों को समझने में भी सहायता करता है।

अपर प्रमुख सचिव ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय, विशेषकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। ऐसे में उन्हें केवल सपने देखने तक सीमित न रहकर कर्मयोग के मार्ग पर चलकर उन्हें साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय दर्शन में कर्मयोग की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया और कहा कि यही वह सिद्धांत है जो व्यक्ति को लक्ष्य की ओर अग्रसर करता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को सशक्त बनाता है। श्री लू ने उपस्थित लोगों का आवाहन किया कि नशामुक्त समाज बनाने में अपना प्रभावी योगदान दें और जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराए तभी नशा पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। अपर प्रमुख सचिव ने अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से जिले के 13 छात्रों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन होने पर जिले के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि कोचिंग के लिए ऐसे छात्रों का चयन किया जाए जिनमें योग्यता है और वह किन्हीं कारणों से कोचिंग नहीं कर पा रहे हैं उनको प्राथमिकता दी जाएं। इसके साथ-साथ अभ्युदय कोचिंग मे चयनित विद्यार्थियों को बुलाकर मोटिवेशनल क्लासेस भी कराई जाए।

मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्री चन्द्र ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक ही राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकता है। आय की युवा पीढ़ी को सभी प्रकार के नशे से दूर रखने की ज़िम्मेदारी हम सब की है। उन्होंने युवाओं का आहवान किया समाज कल्याण विभाग द्वारा अभ्युदय योजना अन्तर्गत संचालित कोचिंग का भरपूर लाभ उठाकर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल कर देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी आलोक कुशवाहा, सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, प्रबुद्धजन डा. सी.पी.एन. गौतम, समाजसेवी योग शिक्षक नागेश कुमार, राज्य मध्य निषेध अधिकारी आर. एल. राजवंशी, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, वरिष्ठ प्रशिक्षक नरेश चन्द, प्रतिनिधि अखिल विश्व गायत्री परिवार यूपी डा. संजय चतुर्वेदी, एडीओ आईएसबी सत्यव्रत श्रीवास्तव, ज्योति सिंह एडीओ को-आपरेटिव अमर सिंह, एडीओ पंचायत आशुतोष मिश्रा, रोहित कुमार, योगेंद्र श्रीवास्तव, रूल ऑफ लॉ सोसायटी अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह व सचिव दुर्गेश वर्मा तथा राम कृष्ण परमहंस सेवा समिति अध्यक्ष शशांक सिन्हा, प्रदीप, अनिल गुप्ता, कम्प्यूटर आपरेटर अनुज सिन्हा, योगेंद्र पाल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### निरस्त किया गया निवास प्रमाण-पत्र

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज्वॉइण्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि तहसीलदार महसी की जांच आख्या 12 फरवरी 2026 के आधार पर वर्षा त्रिपाठी पुत्री शिव प्रकाश त्रिपाठी, निवासी ग्राम नौतला के पक्ष में आनलाइन निवास आवेदन पत्र संख्या 251800020140150 के सापेक्ष निर्गत निवास प्रमाण पत्र संख्या 502252012566 को निरस्त किया जाता है।

### अमेठी में उन्नीस मार्च को रहेगा स्थानीय अवकाश

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 के लिये घोषित अवकाशों की सूची में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी अवकाश तालिका के प्रस्तर-2 (11) के अंतर्गत दिनांक दो मार्च को होलिका दहन तथा चार मार्च को होली का सार्वजनिक अवकाश पूर्व से ही घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि होली पर्व के पावन अवसर को देखते हुये शासन स्तर पर निर्णय लेते हुये तीन मार्च को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद अमेठी की वर्ष 2026 की अवकाश सूची में जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में पहले तीन मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। अब उक्त तिथि को घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुये उसके स्थान पर उन्नीस मार्च को वसंत नवरात्र के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि तदनुसार इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2026 के लिये जारी अवकाश तालिका को उक्त सीमा तक संशोधित माना जायेगा।

### काशी हिंदू विश्वविद्यालय, अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र में नियुक्तियों की फाइलें गई खंगाली

वाराणसी। आजमगढ़ के अभिषेक सिंह की शिकायत पर विजिलेंस और इंटेलिजेंस ब्यूरो की दो टीमों ने वाराणसी पहुंचकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय, आईआईटी -बीएचयू और अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र में वर्ष 2022 से 2024 के दौरान हुई नियुक्तियों की फाइलों को जब्त कर खंगाला है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर आधिकारिक आदेश के बाद ही काशी हिंदू विश्वविद्यालय, आईआईटी -बीएचयू और अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र में नियुक्तियों की फाइलें जब्त की गई हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## जमीनी विवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए गए।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सबसे अधिक शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी सामने आईं। डीएम और एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे और त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करे, ताकि फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने बताया कि




शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में राजस्व व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है, जिससे जनता की शिकायतों का प्रभावी समाधान किया जा सके।पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

# ग्रंथि पर हुए जानलेवा हमले का पुलिस ने किया खुलासा, पत्नी ने प्रेमी और नौकर संग मिलकर रची थी हत्या की साजिश

## जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल ग्रंथि का उपचार ज़ारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सोमवार की रात गुरुद्वारा के ग्रंथी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने घटना का पर्दाफाश किया है जांच में सामने आया कि इस पूरे हमले की साजिश ग्रंथी की पत्नी ने ही अपने प्रेमी और प्रेमी के नौकर के साथ मिलकर रची थी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा कोन के गुरुद्वारे में ग्रंथि के तौर पर सेवा दे रहे हरविंदर सिंह उस समय हमला हुआ था, जब वह घर से वापस गुरुद्वारा लौट रहे थे शिकायत दर्ज करायी कि उनके पति हरविन्दर सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी ग्राम कजरा थाना खुटरा जनपद शाहजहांपुर, जो करीब 3 वर्ष से ग्राम रम्पुरा कोन, पूरनपुर स्थित गुरुद्वारा साहब में ग्रन्थी हैं, दिनांक 1.3.2026 को कढेर चौराहा से गुरुद्वारा वापस आ रहे थे तभी नदा वाली पुलिया पर किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा मेरे पति के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया गया, प्राप्त सूचना पर तत्काल थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव द्वारा टीम गठित कर घटना के सफल अनावरण के निर्देश दिये गये थे गठित टीम द्वारा घटना के अनावरण हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में कुलदीप सिंह उर्फ सोनी पुत्र सुखदेव सिंह उम्र करीब 45 वर्ष राकेश पुत्र कुवर सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी रम्पुरा कोन थाना पूरनपुर पीलीभीत को ग्राम रम्पुरा कोन के जाने वाली नहर पुलिया व अभियुक्ता गुरजीत कौर पत्नी हरविन्दर सिंह निवासी ग्राम कजरा थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर को कढे चौराहे से गिरफ्तार किया गया पूछताछ के दौरान अभियुक्त कुलदीप सिंह उर्फ सोनी ने बताया कि उसका गुरुद्वारा रम्पुरा कोन में रहने वाले ग्रंथी हरविन्दर सिंह के घर आना-जाना था, जिससे हरविन्दर सिंह की पत्नी गुरजीत कौर से उसका लगभग 6 माह पूर्व प्रेम प्रसंग हो गया इस संबंध की जानकारी होने पर हरविन्दर सिंह द्वारा अपनी पत्नी को टोका गया, इसके बाद गुरजीत कौर और कुलदीप सिंह से मिलकर हरविन्दर सिंह की हत्या को योजना बनायी योजना के अनुसार गुरजीत कौर ने दिनांक 1.3.2026 को शाम के समय अपने पति हरविन्दर सिंह को सामान लेने के बहाने कढेर चौराहा भेजा तथा इसकी सूचना उसने अभियुक्त कुलदीप को दे दी इसके बाद कुलदीप सिंह ने अपने साथी राकेश के साथ मिलकर नदहा पुलिया के पास लोहे के बरमे से वार कर हरविन्दर सिंह पर हमला कर दिया, और मरा हुआ जानकर वहां से भाग गये थे घायल हरविन्दर सिंह जनपद बरेली के मेडीसिटी अस्पताल में उपचाराधीन है अभियुक्तों से घटना में प्रयुक्त गढ्?डा खोदने वाले लोहे के बरमे की बरामदगी के आधार पर धारा 61 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है।

# प्रदेश सरकार संस्कृत शिक्षा को दे रही है बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।संसार की उपलब्ध भाषाओं में संस्कृत प्राचीनतम भाषा है जिन दिनों लिखने के साधन विकसित नहीं थे,संस्कृत भाषा को देववाणी या सुरभारती कहा जाता है मानव जीवन के सभी पक्षों पर समान रूप से प्रकाश डालने वाली इस भाषा की रचनाएँ हमारे देश की प्राचीन दृष्टि की व्यापकता सिद्ध करती हैं। श्वसुधैव कुटुम्बकमश (सम्पूर्ण पृथ्वी ही हमारा परिवार है) का उद्घोष संस्कृत भाषा साहित्य की ही देन है। संस्कृत भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से भारोपीय परिवार की भाषा है। ग्रीक, लैटिन, अंग्रेजी, रूसी, फ्रांसीसी, स्पेनी आदि यूरोपीय भाषाएँ भी इसी परिवार की भाषाएँ कही गई हैं। यहीं कारण है कि इन भाषाओं में संस्कृत शब्दों जैसी ही ध्वनि और अर्थ वाले अनेक शब्द मिलते हैं ईरानी भाषा तो संस्कृत से बहुत अधिक मिलती है। हमारे देश की प्रायः सभी आधुनिक भाषाएँ संस्कृत से जुड़ी हैं। हिन्दी, मराठी, गुजराती, बंगला, ओडिया, असमिया, पंजाबी, सिन्धी आदि भाषाएँ भी इससे विकसित हुई है प्रदेश में संस्कृत माध्यम से पठन-पाठन की व्यवस्था के लिये कुल 1296 संस्कृत माध्यमिक विद्यालय संचालित है, जिनमें 01 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी ने 15 नवीन आवासीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लेते हुए निर्माण कराया है मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2023 में प्रदेश में सहायता प्राप्त 900 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की आधारित संरचना के विकास, विस्तार और सुदृढीकरण हेतु प्रथम बार धनराशि रू0100 करोड़ प्रदान किये है। राजकीय, तथा सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों के जीणीद्धार अनुरक्षण और सुविधाओं के विकास एवं प्रोजेक्ट अलंकार हेतु धनराशि भी अवमुक्त किया है प्रदेश में इन सहायता प्राप्त विद्यालयों को साज-सज्जा और फर्नीचर इत्यादि के लिये रू0 05 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि भी प्रथम बार दी गयी 1020 मानदेय शिक्षकों की तैनाती की गयी है प्रदेश में प्रथम बार संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं अध्यापकों की दक्षता सम्बर्धन के लिये 05 दिवसीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण भी कराया गया है जिसमें वित्तीय एवं विद्यालय प्रबन्धन के साथ-साथ नवाचार शिक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया है प्रदेश में संचालित संस्कृत विद्यालयों में रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये है जिसमे पौरोहित्य, (कर्मकाण्ड) व्यवहारिक वास्तुशास्त्र, व्यवहारिक ज्योतिष, योग विज्ञानम् हैं प्रदेश के 34 संस्थाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम मान्यता प्राप्त विद्यालयों में संचालित हो रहे है पाठ्यक्रम एक वर्षीय है, जो दो सेमेस्टर में विभाजित है इंटर्नशिप के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान पर अधिक बल दिया गया है इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में उत्तर मध्यमा (कक्षा 12वी) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र होंगे, इसमें उच्च परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी प्रवेश ले सकते है प्रवेश हेतु कोई आयु सीमा नहीं है ऑनलाइन स्वच्छ एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अद्यतन प्रदेश में 107 नवीन मान्यता प्रदान की गयी। राजकीय और सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6-8 तक के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों और मध्याहन भोजन तथा कक्षा 12 तक के सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है ।

# स्वीकृत सड़क छोड़ दूसरी जगह बन रही सड़क, जेई पर मिलीभगत के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जयसिंहपुर क्षेत्र के माधवपुर छतौना गांव में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य को लेकर विभाग पर मनमानी का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार डफली का पुरवा माधवपुर छतौना संपर्क मार्ग के नव निर्माण के लिए करीब 79 लाख रुपये की योजना स्वीकृत हुई है। इस योजना के तहत करीब 1200 मीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव है। आरोप है कि विभाग ने स्वीकृत मार्ग पर काम कराने के बजाय सड़क को दूसरे पुरवा में बनवाना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि डफली का पुरवा में पहले से सीधा मार्ग मौजूद है और वहीं सड़क की पूरी लंबाई भी निकलती है, इसके बावजूद निर्माण कार्य दूसरी जगह कराया जा रहा है। आरोप यह भी है कि जेई रवि



मौर्य की सह पर ठेकेदार सड़क को कई टुकड़ों में बांटकर लंबाई पूरी दिखाने की कोशिश कर रहा है, जो नियमों के खिलाफ बताया जा रहा है। गांव के पूर्व प्रधान ने जब इस संबंध में जेई से फोन पर बात की तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब सड़क जहां बन रही है, वहीं बनेगी, इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। इस मामले को लेकर पूर्व प्रधान ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि जिस मार्ग के नाम से सड़क स्वीकृत हुई है, निर्माण कार्य भी उसी मार्ग पर कराया जाए। साथ ही मनमाने ढंग से हो रहे निर्माण को तत्काल रोका जाए और जिम्मेदार जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ नियमों की खुली अनदेखी का यह मामला बड़ा घोटाला साबित हो सकता है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों की इस लापरवाही पर कार्रवाई होगी, या फिर सरकारी योजनाएं इसी तरह कागजों में ही रास्ता बदलती रहेंगी?

## किसान ने सट्टा खुलवाकर की भुगतान की मांग

पूरनपुर। पूरनपुर सहकारी चीनीमिल को गन्ना आपर्ति करने वाले किसानों ने भुगतान के लिए जिला गन्ना अधिकारी को पत्र भेजा है पत्र में कहा गया कि चीनीमिल के पेराई सत्र के दौरान दर्जनों किसानों के सट्टे बंद कर दिए गए इससे किसानों के खातों में गन्ने का भुगतान नहीं पहुंच सका उन्होंने सट्टे खुलवाकर खातों में भुगतान कराने की मांग की है पत्र पर भुवनेश शुक्ला, रोहित शुक्ला, ललिता देवी, रामपाल, रुकमणी देवी, कृष्ण मुरारी और निर्मला देवी के हस्ताक्षर हैं

## जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर सिख काउंसिल ने सलाहकार पद से हटाया

पूरनपुर। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफ़ेयर काउंसिल के जिला अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह (पी.जी.) ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में एक भूमि संबंधी प्रकरण संज्ञान में आया है इसमें कथित रूप से सरदार जरनैल सिंह पुत्र शेर सिंह, निवासी नानक नगरी बैल्हा, तहसील पूरनपुर द्वारा एक भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी इस मामले की वास्तविक स्थिति और सभी तथ्यों की पुष्टि अभी होना बाकी है उन्होंने बताया कि जैसे ही प्रकरण की जानकारी मिली,उन्होंने तत्काल जिला अधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को पूरे मामले से अवगत कराया इसके बाद प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित भूमि को कब्जामुक्त करा दिया काउंसिल की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि सरदार मे जरनैल सिंह संस्था के पंजीकृत सदस्य नहीं हैं उन्हें पहले केवल सलाहकार के रूप में नामित किया गया था

## बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पर गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल द्वारा आयोजित होगा 5 कन्याओं का आदर्श विवाह एवं भंडारा

पूरनपुर। गायत्री परिवार के तत्वावधान में 9 मार्च सोमवार को बाबा इकोत्तरनाथ शिव मंदिर पर गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल द्वारा 5 कन्याओं का आदर्श विवाह एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो कि कार्यक्रम स्थल पर 11:00 बजे से प्रारंभ होकर श्री लालता प्रसाद शास्त्री एवं उनके सहयोगी जनों के द्वारा संपन्न किया जाएगा श्री खंडेलवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महोदय उप जिलाधिकारी महोदय एवं जनपद के सभी विधायक एम एल सी जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख सहित अनेकों जनप्रतिनिधि व गणमान्यजन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला महिला का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार/सुलतानपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सरैया मझौवा गांव में एक 46 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है कि महिला का शव छप्परयुक्त मकान के अंदर फांसी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया, जो घटना से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी रही। प्रथम दृष्टया प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला आत्महत्या से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी



पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी कूरेभार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## इको क्लब फॉर मिशन लाइक के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के संबंध में बच्चों को किया जागरूक

पीलीभीत। प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में सैटरडे एक्टिविटीज के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया इको क्लब फॉर मिशन लाइक के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के संबंध में बच्चों को जागरूक किया गया समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने तथा वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण हेतु सार्थक प्रयास किए जाने का संकल्प लिया पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित कला/पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई इसी प्रकार हिन्दी एवं गणित विषय के ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया इन प्रतियोगिताओं में विजयी रहने पर सुहानी, कृष्णा सागर, प्रज्ञा, योगिता देवी, आयुषी वर्मा, आराध्या, बरखा, रिंकी, योगेश कुमार, आकाश, आर्यन कुमार मौर्य, आस्था शर्मा, सुहानी, चंदा, अनमोल, कौशल राज, कृष्णा, ऋषभ, पल्लव मौर्य, झलक वर्मा, अतुल कुमार, सुनाक्षी, पल्लवी, चित्रा और क्रांति आदि विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर अंजना शुक्ला,ममता देवी,प्रगति धामी और प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं।

## पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान दिलीप कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी नंदू पाण्डेय का पुरवा मजरे बगिया बहोरखा थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से पन्द्रह ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहुरी में घरेलू सामान लेकर घर लौट रहे युवक की पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये पिता पुत्र के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में अभियोग दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे गौतमन मजरे अहुरी निवासी राकेश कुमार पुत्र रामबहादुर ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती तीन मार्च को सुबह उसका बेटा आकाश घरेलू सामान लाने गया था रास्ते में कुछ लोगों द्वारा रोक कर जाति सूचक गाली गुप्ता देकर जान से मारने की धमकी दी गई और वह जब शाम छह बजे उनके घर जाकर गाली गलौज का कारण जानना चाहा इतने में प्रतिपक्षीगण आग बबूला हो गये ओर उसकी पिटाई कर दी। इतना सब कुछ होने के बावजूद पीड़ित परिवार शांत रहा लेकिन बीती पांच मार्च की रात साढ़े आठ बजे उसके मोबाइल फोन पर धमकी दी गई जिससे पीड़ित परिवार काफी डर गया और स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुये लिखित तहरीर सौंपी। पीड़ित परिवार ने अपनी जान माल का खतरा बताया है।कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ एससीएसटी एक्ट मारपीट गाली गलौज डराने धमकाने की धाराओं में अभियोग दर्जकर लिया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 08 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता से निस्तारण करें,अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये इसके साथ ही उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दैवीय आपदा के अन्तर्गत देय आर्थिक सहायता प्रमाण पत्र प्रदान किए इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, तहसीलदार अमरिया, खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे है।

## रामलीला मैदान में विशाल होली मेला धूमधाम से कराया गया संपन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगरपालिका परिषद एवं रोटरी क्लब ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार की रात लगभग सात बजे रामलीला मैदान में विशाल होली मेला व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता और विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मथुरा से आई रास मंडली ने मयूर नृत्य, दीपक नृत्य, लट्ठमार होली और फूलों की होली की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे दर्शक देर रात तक मंत्रमुग्ध रहे।

# पहले गौहत्या बंद होनी चाहिए फिर हिन्दू राष्ट्र घोषित करें : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का शनिवार को सुल्तानपुर में भव्य स्वागत किया गया। वे अपनी 'गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा' के तहत यहां पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में गौ रक्षा, हिंदू राष्ट्र और केंद्र-राज्य सरकार के समन्वय पर अपनी राय रखी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत किया। सुल्तानपुर पहुंचने पर शंकराचार्य के स्वागत में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। फूलों से सजी गाड़ी में सवार शंकराचार्य ने लखनऊ के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। 'हिंदू राष्ट्र' की मांग पर शंकराचार्य ने तर्कपूर्ण बयान देते हुए कहा कि प्रतीकों



की राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण गौ माता का सम्मान है। उन्होंने सवाल उठाया, ऌपहले गौ माता की हत्या बंद कराओ ! आज हिंदू राष्ट्र घोषित कर दोगे, तो क्या कल सवेरे से वहां गौ हत्या बंद हो जाएगी। शंकराचार्य ने जोर देकर कहा कि यदि हिंदू राष्ट्र में भी गौ हत्या जारी रहती है, तो यह अपमानजनक होगा। इसलिए पहले गौ हत्या बंद होनी चाहिए, बाकी बातें बाद में। गौ रक्षा के लिए कानून बनाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होने के सवाल पर, शंकराचार्य ने संवैधानिक प्रक्रिया का हवाला दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार तभी कानून बनाती है जब राज्य सरकारें अपने यहां कानून बनाकर केंद्र को प्रस्ताव भेजती हैं। उनके अनुसार, राज्यों का समूह ही केंद्र सरकार है, इसलिए राज्यों की ओर से प्रस्ताव मिलने पर ही केंद्र इस दिशा में कार्य करेगा। इससे पहले लंभुआ थाने के पास स्थित हनुमान मंदिर में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचकर उन्होंने बजरंगबली की आरती की और परिक्रमा की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की।

## सम्पादकीय

# नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे। वहीं राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस बिहार की सत्ता में होने वाले बदलाव को जनता के साथ छल बता रही है। इसे जनादेश के विरुद्ध कदम बताया जा रहा है। वहीं आरजेडी की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम से बिहार की जनता हतप्रभ है। यह सब भाजपा के विधानसभा में संख्याबल के दबाव में होना था, लेकिन यह इतना जल्दी हो जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी।

# भारत में महिलाओं के प्रति बदलने लगा है नज़रिया

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए मनाया जाता है। यह जागरूकता बढ़ाने, बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देने का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज और राष्ट्र मजबूत होते है। यह समानता और अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है, जो महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रतीक है। यह एक ऐसा दिन है जो महिलाओं को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस साल 1911 से हर साल 8 मार्च पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम है दान से लाभ है, जो उदारता, सहयोग और सामूहिक प्रगति के मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि महिलाओं का समर्थन करना और लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना सभी के लिए व्यापक सामाजिक और आर्थिक लाभ ला सकता है। इस अभियान का मूल विचार यह है कि जब महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व, उद्यमिता, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में सशक्त होती हैं, तो इससे मजबूत समुदाय और साझा समृद्धि का निर्माण होता है। सहयोग और समान अवसरों को प्रोत्साहित करके, यह अभियान समाज में समावेशी विकास और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना चाहता है। भारत में महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत में वर्षों से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इन अपराधों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं, जो समाज

**भारत में महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत में वर्षों से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।**

में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी उदासीनता को दर्शाते हैं। इससे पहले 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278 मामले, 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे। राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं। 2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए। 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्ज़ा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनायें सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तीकरण के अभियान को धक्का लगता हैं। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पायेगी। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू

**संजीव ठाकुर**

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा। इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है। जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्ज़ा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्ज़ा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

## सेहत मंत्र

# हरे सेब का जूस है डायबिटीज़ मरीज के लिए फायदेमंद

आजकल डायबिटीज़ एक आम बीमारी है। भारत में लगभग हर तीसरा व्यक्ति इसका रोगी है। भागदौड़ के इस समय में हमारे गलत आहार और तरीकों के कारण कई लोग टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हैं। भारत में लगभग 70 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। यही कारण है कि भारत को दुनिया की मधुमेह राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। जूस पीने पर अक्सर प्रतिबंध लगा दिया जाता है क्योंकि मधुमेह रोगियों में शुगर का स्तर अधिक होता है। लेकिन यह स्वस्थ रस कुछ मधुमेह रोगियों के लिए ही है। डायबिटीज़ को कम करने के लिए ग्रीन जूस बेहद फ़ायदेमंद है। यह रस सभी प्रकार के मधुमेह के रोगियों के लिए समान रूप से फ़ायदेमंद है, जैसे कि टाइप-1, टाइप -2 और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल मधुमेह। इस जूस को बनाने के लिए आप हरे सेब, खीरा, नींबू, केल, हरी गोभी, अजवाइन, पालक, चुकंदर, लहसुन, टमाटर, अदरक और करेले जैसे चार-पांच सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं। सभी सामग्रियों को बारीक काट लें और अपनी ज़रूरतों के अनुसार अच्छी तरह से मिलाएँ। आपका हेल्दी जूस तैयार है। अपने ग्रीन जूस में फल या चीनी को शामिल करने से बचें, क्योंकि चीनी सूजन पैदा करती है और आपके पाचन को नुकसान पहुंचा सकती है, जो कि हरे रंग के रस के बिल्कुल विपरीत हैं जो आप चाहते हैं। सेब और नाशपाती अद्भुत एंजाइम और पोषक तत्वों से भरे हुए होते हैं, लेकिन आपके रस में बहुत अधिक शुगर जोड़ सकते हैं। यह है विटामिन से भरपूरः हरे सेब, ककड़ी, नींबू, पालक, करेला, टमाटर और लहसुन जैसी स्वस्थ सामग्री से बना यह जूस विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और आयरन का बेहतरीन स्रोत है। एनर्जी बढ़ाता हैः एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर यह हरे रंग का जूस हमें कई हानिकारक बीमारियों से बचाता है। साथ ही यह जूस हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और पूरे दिन हमारी एनर्जी को बढ़ाता है। यह रस हमारे शरीर की मेटाबॉलिज़्म दर को भी बनाए रखता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता हैः यह स्वस्थ रस न केवल मधुमेह के रोगियों के लिए है, बल्कि उच्च रक्तचाप और कई हृदय रोगों के जोखिम को भी कम करता है।

## धर्म मंत्र

# माता का ऐसा चमत्कारी मंदिर जहां बगैर रक्त बहाए दी जाती है 'बलि'

हम आपको ऐसे ही माता के मंदिर के बारे में बताएँगे, जहां बलि देने के बाद रक्त नहीं बहता है। जी हां! हम बात कर रहे हैं मां 'मुंडेश्वरी' मंदिर की जो बिहार में स्थित है। मां मुंडेश्वरी को लेकर कहा जाता है कि यहां लगभग 1900 सालों से लगातार पूजा होते आ रही है। यह बिहार के सर्वाधिक प्राचीन मंदिरों में से एक है। यह मंदिर बिहार के कैमूर जिले के भगवानपुर अंचल के 608 फीट ऊंची एक पहाड़ी जिसका नाम 'पवरा' पहाड़ी है उसी पर स्थित है। इस मंदिर के प्रांगण में आपको अनेकों शिलालेख मिलेंगे। जो इस मंदिर के इतिहास की गाथा गाते हैं। यूं इस मंदिर के प्रांगण में राजा 'दुत्तगामनी' की मुद्रा भी प्राप्त हो चुकी है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वह 101 से 77 ईसा पूर्व श्रीलंका में शासन किया करते थे। इसके साथ ही बौद्ध साहित्य में कहा गया है कि वह अनुराधापुर वंश के शासक थे। इस मंदिर को लेकर अनेक कहानियां प्रचलित हैं और उन्हीं में से एक कहानी यह है कि जब चण्ड और मुंड नाम के दो राक्षस, लोगों के बीच बेहद उत्पात मचा रहे थे, तब मां 'मुंडेश्वरी' को प्रकट होना पड़ा। उनके वध के लिए माता प्रकट भी हुईं। कहा जाता है कि माता ने चण्ड नाम के राक्षस का वध कर दिया लेकिन मुंड नाम का राक्षस पहाड़ी पर आकर छुप गया। उसी को ढूंढते ढूंढते माता इस पहाड़ी पर आई और यहीं आकर उन्होंने मुंड नाम के राक्षस का वध किया। इसीलिए इस मंदिर को 'मुंडेश्वरी माता मंदिर' भी कहा जाता है।

## पर्यटन



# प्राकृतिक छटाओं के बीच स्थिति है फूलों की घाटी करती है सैलानियों का आकर्षित

फूलों का सदियों से भारतीय समाज में विशेष महत्व रहा हैं। पुष्प की अभिलाषा नामक कविता में कविवर माखनलाल चतुर्वेदी ने जिस सुंदरता से वर्णित किया है वह फूलों के प्रति हमारे अनुराग की भावनाओं को ही व्यक्त करता हैं। देवताओं के शीश पर चढ़कर उनका श्रृंगार करते हैं और हमारी धार्मिक अभिव्यक्ति बनते हैं। गुलाब के फूल अपने रंगों से प्रेम, प्यार, दोस्ती के प्रतीक बनते हैं। फूल माला में गूंथ कर अतिथि का स्वागत करते हैं। मोगरे की लड़ी नारी की चोटी से लिपट कर श्रृंगारित करता हैं। अवसर चाहे सामाजिक हो, धार्मिक या कोई और सजावट में फूलों की सज्जा के बिना बात बनती नहीं। फूलों का महत्व, रंग-रूप, सुंदरता ही हैं कि सज्जा के लिए इन्हें विदेशों से मंगवाया जाता हैं। हाल ही में अयोध्या में श्रीराम मंदिर का शिलान्यास कार्यकम ताजा सबूत है जब सजाने के लिए फूल विदेश से मंगवाये गये। रंगबिरंगे विभिन किस्मों के सुंदर फूल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। फूलों की चर्चा के दौरान हम सैर करते हैं एक ऐसे स्थल की जिसे फूलों की घाटी कहा जाता है। भारत के अनेक खूबसूरत प्राकृतिक स्थलों में फूलों की घाटी नामक स्थल अपनी भौगोलिक स्थिति, हरे भरे लंबे-चौड़े अल्पाइन घास के सुंदर मैदान, कई प्रजातियों एवं किस्मों के रंगबिरंगे फूलों से महकती हैं, जो इन दिनों सैलानियों के आकर्षण के केंद्र बनी हुई हैं। यहां लहराते, महकते, शोभा बिखरते अनेक रंगों, किस्मों, प्रकार के फूलों की यह घाटी किसी दूसरी दुनिया की सैर कराने के आभासी सम्मोहन से भरपूर हैं। यह बात अलग है कि कोरोना के माहौल में सैलानियों की आवक बहुत कम हैं। फूलों की नयाभिराम घाटी तीन किलोमीटर लंबी एवं आधा किलोमीटर चौड़ी है। यह उद्यान 87.50 किलोमीटर क्षेत्रफल में है। यह रमणीक घाटी नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान का एक हिस्सा है जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति ने 1982 में प्राकृतिक श्रेणी में विश्व धरोहर घोषित किया। हिमालय क्षेत्र पिंडर घाटी या पिंडर वेली के नाम से भी जाना जाता है।

# सिजेरियन डिलीवरी के 15 दिन बाद महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

एजेंसी



कानपुर, । शिवराजपुर थाना क्षेत्र में सिजेरियन डिलीवरी के करीब 15 दिन बाद महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

मदनेपुर गांव निवासी रजनीश की शादी 28 अप्रैल 2024 को कप गांव की रहने वाली पायल के साथ हुई थी। रजनीश झांसी में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। परिजनों के मुताबिक, 20 फरवरी को पायल ने ऑपरेशन के जरिए एक बेटे को जन्म दिया था। डिलीवरी के बाद से ही उसकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी और वह लगातार अस्वस्थ बनी हुई थी। शुक्रवार देर रात अचानक उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग पहुंच गए। मृतका के पिता सियाराम, मां शिवकांति और बहन कोमल ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों ने हंगामा भी किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई। इसके बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत कराया। शिवराजपुर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निरीक्षक की पुत्री नें यूपीएससी में 560वीं रैंक पाकर बढ़ाया मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुल्तानपुर में नियुक्त निरीक्षक राम सुमेर सरोज की बेटी शालिनी सरोज ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2025 में 560वीं रैंक हासिल किया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि शालिनी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम.ए. करने के बाद विगत तीन वर्षो से पीटीएस सुल्तानपुर में रहकर ही तैयारी कर रही थी और यहीं से सिलेक्शन प्राप्त किया। शालिनी का हिन्दी माध्यम से यह उपलब्धि प्राप्त करना भी गर्व का विषय है। ख़ुशी एवं प्रसन्नता के इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक / संस्था प्रमुख ब्रजेश कुमार मिश्र द्वारा आज शालिनी को सादे समारोह में सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनायें दी गयी। शालिनी ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुल्तानपुर कैंपस के शान्त शैक्षिक वातावरण की प्रशंसा की जिसके कारण उसे अध्ययन में आसानी हुई।

## अमेठी जनपद में पेट्रोल डीजल व एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता : डीएम

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आम जनता को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने देते हुये सर्वसाधारण को अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके साथ ही जिले की सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी गैस सिलेंडर भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं और नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन द्वारा ईंधन और गैस की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति में आम जनता को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संबंध में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। कुछ असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा भ्रामक सूचनाएं फैलाकर अनावश्यक भय का माहौल बनाने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिये नागरिक ऐसे भ्रामक संदेशों से सावधान रहें। उन्होंने यह भी कहा कि लोग अनावश्यक रूप से पेट्रोल, डीजल या गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें। ऐसा करने से अन्य उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन पर विश्वास रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना मिलने पर उसकी सत्यता की पुष्टि किए बिना उसे आगे प्रसारित न करें।

## जल जीवन मिशन की टंकी तीन साल बाद भी अधूरी, सड़क तोड़कर छोड़ दिया गया

कार्यकरौंदीकला/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत कम्मरपुर में विकास खंड करौंदी कला के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी का कार्य तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। गांव के अधिकांश घरों तक अभी तक पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई है। न तो सभी जगह पानी की टोटी लगाई गई और न ही पाइपलाइन पूरी तरह जुड़ सकी। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सड़कें तोड़ दी गई थीं, लेकिन बाद में उन्हें वैसे ही छोड़ दिया गया। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बरसात के समय जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पर जल्द कार्रवाई करने और अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग की है, ताकि गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की सुविधा पहुंच सके।

## 8 मार्च को निकलेगा महिला अधिकार मार्च, एसडीएम को दिया पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) द्वारा 8 मार्च को महिला अधिकार मार्च आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में संगठन की ओर से शनिवार दोपहर दो बजे उपजिलाधिकारी पूरनपुर को पत्र देकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई है। पत्र में बताया गया कि संगठन के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत आठ मार्च को सुबह 11 बजे जायसवाल कॉलोनी स्थित भाकपा (माले) कार्यालय से महिला अधिकार मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च ब्लॉक चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन पूरनपुर तक जाएगा। संगठन की ब्लॉक संयोजक मारिया ने प्रशासन से कार्यक्रम के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं और सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस मार्च के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और समानता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं के शामिल होने की संभावना जताई गई है।

## बाल विवाह के नाटक को देख दर्शक हुए भावुक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत बरहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय के सौजन्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराया गया सर्वप्रथम माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वालित किया गया उसके पश्चात बाल विवाह थीम पर छात्र .छात्राओं ने एक सुंदर नाट्य प्रस्तुत किया इसी क्रम में जिला मिशन समन्वयक सुवर्णा पाण्डेय ने बच्चों की इस प्रस्तुतीकरण की सराहना की और एवं बाल विवाह से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रसाशिका तृप्ति मिश्रा द्वारा विभागीय योजनाओं जैसे. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाए उ0प्र0 कन्या सुमंगला योजनाए निराश्रित महिला पेंशन योजनाए स्पॉन्सरशिप योजना सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं बच्चों का उत्साहबर्धन किया जेंडर स्पेस्लिस्ट जयश्री ने उपस्थित बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये एवं हेल्पलाइन नम्बरों इत्यादि की जानकारी दी एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गई इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्रीमती ममता गंगवार एवं अन्य अध्यापक अध्यापिकायें उपस्थित रहे विकासखंड मरौरी के ग्राम रानीगंज में जाकर बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी दी गई तथा विभाग से संबंधित जानकारी दी गई और शपथ भी दिलाई गई ।

## सीएसए में किसानों को खेती के दिए गए वैज्ञानिक टिप्स

कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) में शनिवार को आयोजित चन्द्रशेखर कृषक समिति की बैठक में वैज्ञानिकों ने किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए अनेक प्रकार के खेती से संबधित टिप्स दिये। वैज्ञानिकों का फोकस नई तकनीकों एवं उच्च गुणवत्ता युक्त बीजों के साथ उन विषयों पर रहा जिनसे किसान भाई कम लागत पर अच्छी पैदावार कर लाभ हासिल कर सकें। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में यह बैठक संपन्न हुई। बैठक निदेशक प्रसार डॉ.वी के त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि अधिकतम पैदावार एवं आय प्राप्त करने हेतु कृषि विविधीकरण अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर उपस्थित निदेशक शोध डॉ. महक सिंह ने सूरजमुखी की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी की बेहतर पैदावार हेतु वैज्ञानिक पद्धतियों को किसान भाई अवश्य अपनाएं। विभागाध्यक्ष मृदा विज्ञान डॉ. सर्वेश कुमार ने मृदा स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की।उन्होंने ढैचा खाद को उगाकर खेत में मिलाने पर बल दिया। विभाग अध्यक्ष पशुपालन डॉ. रामजी गुप्ता ने कृषकों को दुग्ध एवं उसके प्रसंस्करण की जानकारी दी और उन्होंने सहकारी समितियों पर बल दिया। मसाला वैज्ञानिक डॉ. संजीव सचान ने कृषकों को लहसुन, प्याज,अदरक, मिर्च आदि की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि आज की कृषक समिति की बैठक में किसानों को जायद की फसलें जैसे उर्द, मूंग, मक्का आदि की खेती की बारीकियां बताई गईं। अतिथियों का स्वागत चंद्रशेखर कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह एवं जगदीश सिंह ने किया।

# विधायक की गैस एजेंसी और शराब ठेके पर चोरी करने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

कानपुर। समाजवादी पार्टी के आर्यनगर सीट विधायक अमिताभ बाजपेयी की चौबेपुर स्थित गैस एजेंसी के गोदाम में सिलेंडर चोरी और गौरी भगवंतपुर में अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों में हुई बड़ी चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दोनों वारदातों से इलाके में मचे हड़कंप के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी गए सिलेंडर, शराब और नकदी का कुछ हिस्सा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपितों ने गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर पार करने के साथ ही शराब के ठेकों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की शराब और नकदी चोरी करने की बात कबूल की है। एसीपी बिल्हौर मंजय सिंह ने शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 25 फरवरी को पीड़ित शशिकांत पांडेय ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि दीपूपुर स्थित सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी की गैस एजेंसी का गोदाम है, जहां वह मैनेजर के पद पर तैनात हैं। गोदाम पहुंचने पर जानकारी हुई कि चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर अंदर रखे 127 भरे, सात खाली और तीन कामर्शियल गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। वहीं दूसरी घटना में पीड़ित रामेश्वर यादव ने बताया कि चौबेपुर के ग्राम गौरी भगवंतपुर स्थित कम्पोजिट शराब की दुकान में वह नौकरी करते हैं। उन्होंने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक मार्च की रात चोरों ने अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों के साथ कैंटीन को भी निशाना बनाया। चोर अंग्रेजी शराब की दुकान से करीब 72 हजार रुपये कीमत की सात पेटी शराब, देशी शराब की दुकान से करीब 60 हजार रुपये कीमत की आठ पेटी शराब और कैंटीन से करीब दो हजार रुपये नकद के साथ 40 से 50 सिगरेट की डिब्बियां चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सर्विलांस और मुखबिर की सटीक सूचना पर गौशाला नहर पुल के पास से पिकअप वाहन समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में शिवराजपुर निवासी आदित्य उर्फ गोलू, प्रांशु सिंह, आर्यन तिवारी, प्रवीन तिवारी, आयुष कठेरिया तथा चौबेपुर निवासी प्रांशु गौतम और संतोष कुशवाहा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 43 गैस सिलेंडर, दो पेटी देशी शराब, 14 कैन बीयर और 21 क्वार्टर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपितों द्वारा बेचे गए माल का आकलन किया जा रहा है और खरीददारों की भी तलाश की जा रही है।

## ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में कटरा कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर मिल के पास शनिवार को सड़क हादसे में एक युवक की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब युवक सड़क पर लगाए गए रस्सी वाले डिवाइडर को पार करते समय गिर पड़ा और गैस सिलेंडर लदे ट्रक की चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए मौजूदा ट्रैफिक व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराते हुए नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सड़क पर लगाए गए अस्थायी रस्सी डिवाइडर और जल निगम द्वारा खोदे गए गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## महिला दिवस पर जनभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी देवरिया की जिलाधिकारी

देवरिया। देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे लखनऊ स्थित जन भवन (राजभवन) में आयोजित किया जाएगा। जनभवन से जिलाधिकारी को कार्यक्रम की सूचना प्राप्त हो चुकी है। जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी में बतायाग गया कि राज्यपाल की ओर से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के दो-दो अधिकारियों का चयन किया गया है। इन चार चयनित अधिकारियों में देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल भी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मित्तल अपने प्रशासनिक अनुभव, नेतृत्व की यात्रा और महिला सशक्तीकरण से जुड़े विचारों को साझा करेंगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को भी आमंत्रित किया गया है। इनमें विश्वविद्यालयों के कुलपति, एमएसएमई से जुड़ी महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही महिलाएं शामिल होंगी।

# रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन एवं नगर पालिका परिषद पूरनपुर के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन

एजेंसी

पूरनपुर।रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन एवं नगर पालिका परिषद पूरनपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय अजय खंडेलवाल की स्मृति में नगर के रामलीला ग्राउंड में विशाल होली मेला एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का व्यवस्थापन विवेक तिवारी ने किया कार्यक्रम में मथुरा से पधारी रास मंडली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों को झूमने और तालियां बजाने पर विवश कर दिया वहीं पीलीभीत से पधारे सारेगामापा लिटिल चैंप के फाइनलिस्ट क्षितिज सक्सेना ने अपनी सुरीली आवाज और शानदार गीतों से उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया रास मंडली द्वारा प्रस्तुत मयूर नृत्य, दीपक नृत्य, लट्ठमार होली, फूलों की होली तथा राम दरबार की आकर्षक झांकियों ने दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार रेफ्रिजरेटर, द्वितीय पुरस्कार वाशिंग मशीन, तृतीय पुरस्कार कूलर, चतुर्थ पुरस्कार लंच बॉक्स, पंचम पुरस्कार नॉन-स्टिक तवा तथा 10 सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, रजनीश पांडे, प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरुभाग सिंह, हर्ष प्रधान, अंकुश खंडेलवाल, आयुष खंडेलवाल, हर्ष गुप्ता (अध्यक्ष), नीरज गुप्ता (सचिव), राजेश रस्तोगी, मेला डायरेक्टर डॉ. प्रशांत गुप्ता, राजेश खन्ना, संजीव गुप्ता, संदीप खंडेलवाल (कोषाध्यक्ष), मीडिया प्रभारी सहित रोटरी परिवार एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन की टंकी तीन साल बाद भी अधूरी, सड़क तोड़कर छोड़ दिया गया

कार्यकरौंदीकला/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत कम्मरपुर में विकास खंड करौंदी कला के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी का कार्य तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। गांव के अधिकांश घरों तक अभी तक पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई है। न तो सभी जगह पानी की टोटी लगाई गई और न ही पाइपलाइन पूरी तरह जुड़ सकी। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सड़कें तोड़ दी गई थीं, लेकिन बाद में उन्हें वैसे ही छोड़ दिया गया। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बरसात के समय जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पर जल्द कार्रवाई करने और अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग की है, ताकि गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की सुविधा पहुंच सके।

## ओवरलोड वाहन गुजर रहे नेशनल हाईवे से किसानों को निकलने पर लगाई जा रही हैं रोक किसान नेता ने वीडियो सोशल मीडिया पर किया वायरल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया है। वीडियो में ओवरलोड वाहन लगातार नेशनल हाईवे 730 पर गुजर रहे हैं। उन्होंने वीडियो के माध्यम से कहा है।कि कैसे ओवरलोड बहन के चालक मौत का सामान लिए सड़कों पर दौड़ रहे हैं। लगातार लाइन लगाकर 45 ट्रक एक साथ चल रहे हैं। इन ट्रैकों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई एआरटीओ पीलीभीत द्वारा नहीं की जा रही है। यही कार्य अगर कोई आम आदमी अथवा किसान करता तो तुरंत कार्रवाई हो जाती ट्रक चालक ओवरलोड ओवर हाई स्पीड से लगातार अपने ट्रक पीलीभीत टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र के रास्ते से होकर गुजर रहे हैं। इन्हीं हाईवे पर किसने को निकालने के लिए रोक लगाई जा रही है।और भी कई तरीके का कानून थोपे जा रहे हैं। एआरटीओ पीलीभीत मोटा पैसा लेकर इन वाहनों को लगातार अपने जिले से निकाल रहे हैं। शासन प्रशासन भी इन ओवरलोड ट्रैकों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

## संत समाज का उद्देश्य धर्म और समाज की रक्षा करना है:शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में नईगंज स्थित कंचन कॉम्प्लेक्स में शनिवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद शंकराचार्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए गौ रक्षा और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर अपने विचार रखे।उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा और सम्मान के लिए चल रहे आंदोलन को ल्गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभाङ्क नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत वह 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे। उन्होंने कहा कि गौ माता पूरे विश्व की माता हैं और हर व्यक्ति को इसकी जानकारी और सम्मान होना चाहिए।शंकराचार्य ने कहा कि संत समाज का उद्देश्य धर्म और समाज की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज की सरकारें गौ रक्षा का वादा करके सत्ता में आती हैं, लेकिन उनके कथन और आचरण में एकरूपता दिखाई नहीं देती। उन्होंने बताया कि सरकार को 40 दिन का समय दिया गया था कि वह अपने कार्यों से गौ माता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध करे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए अब संत समाज आंदोलन के माध्यम से जवाब मांगेगा।उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है और किसी के ऊपर भी झूठे मुकदमे लगाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि संत और असंत के बीच का भेद स्पष्ट किया जाए। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज का शासक गाय को माता नहीं बल्कि संपत्ति के रूप में देखने लगा है, जो सनातन परंपरा और आस्था के विरुद्ध है।शंकराचार्य ने जौनपुर की धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह भूमि महर्षि यमदग्नि और भगवान परशुराम की तपोभूमि रही है। गोमती नदी के तट पर गाय की सेवा और संरक्षण की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है।उन्होंने बताया कि जौनपुर के जमैथा गांव में स्थित गोमती नदी तट पर महर्षि यमदग्नि मुनि ने गाय की सेवा की थी। इसी स्थान से अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। जौनपुर आकर महर्षि यमदग्नि का आशीर्वाद लेकर वह अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इससे पहले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गोमती नदी तट स्थित जमैथा गांव में महर्षि यमदग्नि मुनि के आश्रम पहुंचकर दर्शन-पूजन भी किया।

## जिलाधिकारी अमरोहा से शासकीय संपत्तियों का विवरण तलब

मुरादाबाद। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता एडवोकेट ने शनिवार को बताया कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण (लारा कोर्ट) ने किसान को उचित मुआवजा नहीं देने पर जिलाधिकारी अमरोहा से उनकी शासकीय संपत्तियों का विवरण तलब किया है। इस मामले में अदालत दस मार्च को सुनवाई करेगी। कोर्ट ने आदेश 21 नियम 41 (2) सीपीसी के तहत डीएम से उनकी शासकीय संपत्तियों का विवरण मांगा है। इस मामले में मोहम्मद अली बनाम उत्तर प्रदेश राज्य आदि की सुनवाई के दौरान अदालत ने डीएम अमरोहा के मामले में निर्णय लिया।

# दो अक्षर के जाप से मिलती है जीवन में मुक्ति : कथा व्यास ज्ञानेंद्र

## बल्दीराय कस्बे में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। जीवन में दो अक्षरों के नाम का जाप करने से मनुष्य को भवसागर से मुक्ति मिलती है। मनुष्य मृत्यु के समय जिस विषय का चिंतन करता है, अगले जन्म में उसे उसी योनि की प्राप्ति होती है। संतों का मिलना भी भगवान की कृपा से ही संभव होता है और हर किसी के मुख से परमात्मा का नाम निकलना भी ईश्वर की विशेष कृपा का परिणाम है। यह बातें कथा व्यास पंडित ज्ञानेंद्र तिवारी ने बल्दीराय बाजार स्थित रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कही। तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास ने राजा उत्तानपाद, बालक ध्रुव, भक्त प्रह्लाद और भक्त अजामिल की कथा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर के नाम का स्मरण ही मनुष्य के लिए मोक्ष का सबसे सरल साधन है। इस संसार में जो व्यक्ति माता-पिता, गुरु और सास-ससुर की सेवा करता है, वह कभी नरक का भागी नहीं बनता।उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक घर के आंगन में तुलसी का एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। शास्त्रों में वर्णित है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां नकारात्मक शक्तियां और संकट प्रवेश नहीं करते। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत सुंदर अवधी भजनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। तू चली गयउ हो धोखा दै के जवानी, निर्मोही पिया नाहीं आए सखी, झरि गे फुलवा फुलाए सभी, गोविंद हरे गोपाल हरे तथा रे मनुवा खेती करो हरि नाम की, रुपया न लागे पैसा न लागे, कौड़ी न लागे छदाम की जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। तृतीय दिवस की कथा में जिला संघचालक डॉ. अवधेश त्रिपाठी, बाजार मालिक अमरजीत सिंह 'कल्लू', आशीष चंद्र चौबे, राजमणि पांडेय, जितेंद्र कुमार सिंह 'फौजी', सत्य प्रकाश, अनिल अग्रहरि, श्रीमती लक्ष्मी, मनीष अग्रहरि, श्रीमती नीलम, श्रद्धा अग्रहरि, लक्ष्मी अग्रहरि, लालजी अग्रहरि, के.पी. सिंह, शेषनाथ सिंह, अशोक सिंह, विजय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य यजमान हरिप्रसाद एवं अशोक अग्रहरि ने व्यासपीठ की आरती उतारकर सभी के मंगल की कामना की।

## सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा : मुरादाबाद में 14 व 15 मार्च को 45 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

मुरादाबाद। मुरादाबाद जिले में यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती परीक्षा 14 और 15 मार्च को दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। दोनों दिनों में लगभग 45 हजार परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के दौरान संबंधित क्षेत्र के एसडीएम भी निगरानी करेंगे। यूपी पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा के लिए अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह और पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया है। इस मामले में शनिवार को शासन स्तर से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर उच्चाधिकारियों ने परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक हिदायतें दी हैं।

अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने बताया कि जिले में 14 मार्च को दोनों पालियों में 22 हजार 500 परीक्षार्थी भाग लेंगे।





## इतिहास रचने के लिए न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा भारत को

एजेंसी



अहमदाबाद। बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने की उम्मीदों का बोझ होगा, भले ही सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है।

दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी। अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है। फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम 'परफ़ेक्ट' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा 'अहमदाबाद का सरदार' होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर एक बार फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में इसका कड़वा अनुभव हुआ था। भारत के महानतम तेज गेंदबाज को ज्यादातर विपक्षी टीम की पारी के आखिर में इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन रविवार को यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह सेमीफाइनल में 33 गेंदों में 100 रन बनाने वाले एलन के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे या नहीं।

## अगरकर के तीन साल: आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

एजेंसी



अहमदाबाद। अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले।

चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी। अगरकर के सफर में भी इस खास तरह की समरूपता है। जब 2020-21 में चयन समिति के अध्यक्ष का पद खाली हुआ था, तब अगरकर के आवेदक होने के बावजूद चेतन शर्मा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। आखिर में उन्हें 2023 में यह पद मिल गया और इसके बाद अपने फैसलों के कारण वह सुर्खियों में रहे। भारत की चयन समितियों के व्यापक इतिहास में विशेष रूप से दिलीप वेंगसरकर और कृष्णमाचारी श्रीकांत के प्रभावशाली कार्यकाल के बाद अगरकर निस्संदेह सबसे चर्चित अध्यक्षों में से एक रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी। टीम की जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सराहना मिलती है लेकिन वैश्विक टूर्नामेंटों के लिए टीमों को आकार देने में चयनकर्ताओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अगरकर के कार्यकाल में ऐसे कई फैसले लिए गए जिनमें आलोचनाओं का सामना कर सकने वाले दृढ़ विश्वास की जरूरत थी। हार्दिक पंड्या की जगह पर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान नियुक्त करना एक ऐसा ही फैसला था। वनडे कप्तान के पद से बेहद सफल और पसंदीदा रोहित शर्मा को हटाने का निर्णय कहीं अधिक संवेदनशील था। इन दोनों मामलों में अगरकर ने चुप्पी साधने की कोशिश नहीं की। उन्होंने इसका डटकर सामना किया और मुश्किल फैसलों के लिए होने वाली आलोचनाओं को भी स्वीकार किया। अगर सिर्फ आंकड़े ही मापदंड होते तो हर क्रिकेट प्रेमी अपनी पसंद की टीम चुन सकता था। लेकिन चयन इतना आसान नहीं होता।

## वरुण को 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है: चावला

एजेंसी



नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला का मानना है कि रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। पिछले दो मैच में चक्रवर्ती का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 40 रन देकर एक विकेट जबकि इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर एक विकेट लिया। यह देखना बाकी है कि भारत रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले फाइनल में चक्रवर्ती को टीम में बनाए रखता है या उनकी जगह कुलदीप यादव को लेता है। चावला ने जिओ स्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि कभी-कभी जब आप हताश हो जाते हैं या जब आप बहुत सारे प्रयोग करने की कोशिश करते हैं। आप आखिर में बहुत फुल लेंथ की गेंदें फेंकने लगते हैं और वरुण के साथ भी ठीक यही हो रहा है। उन्होंने कहा,''उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है। उन्हें उस लेंथ पर गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए जिस लेंथ पर तेज गेंदबाज करते हैं। एक स्पिनर के लिए अच्छी लेंथ वही होती है जहां से उसे घुटने की ऊंचाई तक उछाल मिले। चावला ने कहा, ''उनकी गति के कारण अगर बल्लेबाज उनके हाथ की स्थिति को देखकर गेंद का अनुमान नहीं लगा पाता है तो उसे खेलना मुश्किल हो जाता है क्योंकि उनकी गति अच्छी है। भारत के लिए 25 वनडे, तीन टेस्ट और सात टी20 मैच खेल चुके 37 वर्षीय चावला ने कहा कि चक्रवर्ती जब अपनी लेंथ से चूक जाते हैं तो उनकी गेंदों पर रन बनने लग जाते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन जब आप थोड़े समय के लिए अपनी लेंथ पर गेंदबाजी नहीं कर पाते हैं तो आप प्रयोग करने लग जाते हैं। पिछले कुछ मैचों में वरुण चक्रवर्ती के साथ यही हो रहा है। वह या तो बहुत फुल लेंथ गेंद फेंक रहे हैं या बहुत शॉर्ट लेंथ की। इस तरह की गति के साथ जब पिच पर पर्याप्त उछाल नहीं होता है तो बल्लेबाज के लिए खेलना आसान हो जाता है।

## महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा भारत को

एजेंसी



हैदराबाद। अनुभवी कोच शोर्ड मारिन के टीम से जुड़ने के बाद उत्साह से भरी भारतीय टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर में उरुग्वे के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करके अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत करने की कोशिश करेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया विश्व कप के तीन स्थानों के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट में विश्व कप के तीन स्थान दांव पर लगे होने का मतलब है कि पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसी दौरान इन दोनों देशों में पुरुष विश्व कप भी खेला जाएगा। यह मारिन की मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी होगी। नीदरलैंड के इस कोच 2021 के तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद पद छोड़ दिया था और अब वह वापसी कर रहे हैं। भारत इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में सातवें नंबर की टीम इंग्लैंड के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ''हम अपने प्रशंसकों के सामने घरेलू मैदान पर क्वालीफायर खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी तैयारी की है क्योंकि हम जानते हैं कि दांव पर क्या लगा है। यहां हर टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए खेल रही है, इसलिए हम शुरुआत से ही कड़े मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं। विश्व रैंकिंग के हिसाब से देखें तो भारत उरुग्वे के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार है। इसके बाद भारतीय टीम नौ मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से भिड़ेगी। इसी बीच दिन के अन्य मैचों में इंग्लैंड का मुकाबला इटली से, कोरिया का ऑस्ट्रिया से और स्कॉटलैंड का वेल्स से होगा। क्वालीफायर में टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता को विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। आगामी विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 16 टीमें भाग लेंगी। इनमें से प्रत्येक वर्ग में नौ टीमें पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। भारत अभी तक महिला विश्व कप में आठ बार भाग ले चुका है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में पहले विश्व कप में रहा था जब उसने चौथा स्थान हासिल किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लक्ष्य ने शिफेंग को हराकर ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**बर्मिंघम।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के पूर्व चैंपियन ली शिफेंग को सीधे गेम में हराकर 1,450,000 डॉलर इनामी ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 12वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी सेन ने चीन के विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग को ठीक एक घंटे में 21-13, 21-16 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला कनाडा के विक्टर लाई से होगा, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के कोकी वातानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से पराजित किया। यह इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में लक्ष्य का तीसरा सेमीफाइनल है। वह 2022 में यहां उपविजेता रहे थे। लक्ष्य ने मैच के बाद कहा, ''मैं दोनों गेम में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शिफेंग को भी श्रेय जाता है, उन्होंने वाकई शानदार खेल दिखाया। कुछ लंबी रैलियां चली, हम दोनों थक रहे थे, लेकिन लंबी रैलियों के बाद भी जिस तरह से मैं डटा रहा, उससे मैं खुश हूं। उन्होंने कहा, ''मेरे कोच भी यही कह रहे थे कि लंबी रैलियों के बाद अतिरिक्त तैयारी रखो क्योंकि वह भी थक जाता है, इसलिए गलती करने से बचो। लक्ष्य ने पहले गेम में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और जल्द ही 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने आक्रामक और सकारात्मक खेल दिखाते हुए अपनी बढ़त 10-4 तक पहुंचा दी। इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थे। इसके बाद हालांकि लक्ष्य को शिफेंग के शक्तिशाली ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को समझने में थोड़ी देर के लिए संघर्ष करना पड़ा, फिर भी उन्होंने अपना नियंत्रण बनाए रखा और 15-11 से आगे निकल गए। शिफेंग ने अंतर को 13-15 तक कम कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने फिर से लय हासिल कर ली और एक नेट कॉर्ड की मदद से 18-13 से आगे हो गए। उन्होंने इसके बाद 24 मिनट में पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने लक्ष्य के हर अंक का मुकाबला किया, जिससे स्कोर 6-6 हो गया। लक्ष्य ने इसके बाद दो अंकों की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन शिफेंग ने एक शानदार क्रॉसकोर्ट स्मैश जमाया और भारतीय खिलाड़ी की बैकलाइन की गलती का फायदा उठाकर स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। लक्ष्य ने हालांकि इंटरवल तक एक अंक की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। दोनों खिलाड़ियों के बीच इसके बाद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शिफेंग ने एक करारे स्मैश से स्कोर को 12-13 कर दिया। लक्ष्य ने हालांकि एक बेहतरीन डिफेंसिव बैकहैंड रिटर्न की मदद से अपनी बढ़त 17-13 कर दी। शिफेंग ने 15-19 से पिछड़ने के बाद 45 शॉट की रैली जीतकर अपनी उम्मीदें जीवंत रखीं, लेकिन लक्ष्य ने जल्द ही वापसी करते हुए मैच प्वाइंट हासिल कर लिया। शिफेंग का शॉट बाहर जाने से लक्ष्य ने जीत हासिल कर ली।

### फिट इंडिया का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला कार्निवल शुरू

**नयी दिल्ली।** फिट इंडिया मूवमेंट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्निवल शुरू किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की थीम 'मजबूत महिलाएं, मजबूत राष्ट्र' है। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और दिल्ली पुलिस जैसे भारत के सशस्त्र बलों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़ी 500 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं। इसमें फिटनेस गतिविधियों और खेलों के माध्यम से महिलाओं की ताकत, लचीलेपन और नेतृत्वक्षमता को उजागर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में कई प्रख्यात हस्तियों ने भाग लिया और फिटनेस, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। इनमें पैरालंपिक पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार पाने वाली प्रीति पाल, प्रसिद्ध पोषण विशेषज्ञ निधि निगम और तन्वी तुतलानी, उद्यमी युक्ति आर्य, ध्यान विशेषज्ञ निवेदिता श्रेयंस, योग विशेषज्ञ दिव्या आहूजा और पंखुड़ी श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट गरिमा बिस्वास और फिट इंडिया चैंपियन टिम्सी बेक्टर शामिल थीं। प्रीति पाल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''जब मैंने खेल में अपने करियर की शुरुआत की, तो कई लोगों ने कहा कि मैं कुछ भी हासिल नहीं कर पाऊंगी। मैंने उन आलोचनाओं को प्रेरणा में बदल दिया। उन्होंने कहा, ''मैंने ठान लिया था कि अगर वह मानते हैं कि मैं कुछ नहीं कर सकती तो मैं साबित कर दूंगी कि मैं बहुत कुछ कर सकती हूं। हमेशा याद रखें कि हम महिलाएं हैं और हम कुछ भी हासिल कर सकती हैं, कभी किसी को यह न कहने दें कि आप अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकतीं।

## अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास करेगी इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी




लंदन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण सुरक्षा चिंताओं के चलते आगामी श्रृंखलाओं की तैयारी के लिए अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। इंग्लैंड की 30 सदस्यीय टीम प्रिटोरिया में अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी जहां वह 10 से 27 मार्च के बीच आपस में ही पांच मैच खेलेगी। इसके लिए 15-15 खिलाड़ियों की दो टीम तैयार की गई हैं। टीमों के नाम इंग्लैंड की दो महान खिलाड़ियों जेन ब्रिटिन और राचेल हेहो फ्लिंट के नाम पर रखे गये हैं। यह दोनों घरेलू धरती पर विश्व कप जीतने वाली टीमों की सदस्य थीं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट टीम ब्रिटिन की कप्तानी करेंगी, जिसके कोच डरहम के पूर्व बल्लेबाज और इंग्लैंड की महिला टीम के सहायक कोच जॉन लुईस होंगे। उपकप्तान चार्ली डीन टीम हेहो फ्लिंट की कप्तानी करेंगी। यह टीम सहायक कोच ल्यूक विलियम्स टीम के मार्गदर्शन में खेलेगी। मुख्य कोच शार्लोट एडवर्ड्स शिविर के दौरान दोनों टीमों पर निगरानी रखेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा है कि आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्हें इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी दावेदारी मजबूत करनी होगी। एडवर्ड्स ने विज्ञप्ति में कहा, ''शिविर में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के लिए यह बड़ा अवसर है कि वे अपनी काबिलियत साबित करके यह दिखाएं कि वे हमारी विश्व कप योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह इस साल दक्षिण अफ्रीका में इंग्लैंड का दूसरा अभ्यास शिविर होगा। इंग्लैंड 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में एक महिला टेस्ट मैच भी खेला जाएगा।

## रूसी ध्वज की वापसी, ईरान युद्ध और बहिष्कार के बीच शीतकालीन पैरालंपिक खेल शुरू

एजेंसी

वेरोना (इटली)। मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच मिलान कोर्टिना शीतकालीन पैरालिंपिक खेल शुक्रवार को शुरू हो गए गया जिसमें कुछ देशों ने वैश्विक खेल मंच पर रूसी ध्वज की वापसी के कारण उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। उद्घाटन समारोह में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रों की परेड में रूस के ध्वज की वापसी हुई। यह सोची में 2014 के शीतकालीन खेलों के बाद पहला अवसर है जबकि पैरालंपिक खेलों में रूस का ध्वज फहराया गया। इससे लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों से पहले रूस की ओलंपिक जगत में पूर्ण वापसी की संभावना बढ़ गई है। परेड के दौरान रूस के खिलाड़ी मंच पर आए तो कुछ दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। चमकीले लाल रंग की पोशाक पहने चार खिलाड़ियों ने रूस का प्रतिनिधित्व किया।

## अमेरिका ने भारत को समुद्र में फंसा तेल लेने, बाज़ार में जल्द उतारने की अनुमति दी: राइट

एजेंसी




वाशिंगटन। अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि वह अपने मित्र देश भारत को दक्षिण एशिया के समुद्री क्षेत्रों में जहाजों पर मौजूद रूसी तेल को खरीदने, उसका शोधन करने और बाजार में जल्द से जल्द उतारने की अनुमति दे रहा है। ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि तेल की कीमतों को कम रखने के लिए यह अल्पकालिक उपाय किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा, ''हमने ऐसे छोटे अवधि के कदम उठाए हैं ताकि तेल की कीमतें कम बनी रहें। हम भारत को समुद्र में पहले से मौजूद तेल लेने, उसका शोधन करने और बाज़ार में जल्दी बेचने की अनुमति दे रहे हैं। यह आपूर्ति बनाए रखने और दबाव कम करने का व्यावहारिक तरीका है। एबीसी न्यूज़ लाइव को दिए साक्षात्कार में राइट ने बताया कि लंबी अवधि के लिए तेल की आपूर्ति पर्याप्त है और इसमें कोई चिंता नहीं है। लेकिन अल्पकालिक रूप से तेल को बाज़ार में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा, ल्ल होर्मुज जलडमरूमध्य से आने वाली आपूर्ति में थोड़ी बाधा के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। दक्षिण एशिया के आसपास बहुत सारा रूस का तेल समुद्र में फंसा हुआ है, खासकर चीन के पास। चीन अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता, इसलिए कई बैरल बस वहीं रुके हैं। हमने भारत से कहा, 'इस तेल को खरीदें और अपनी रिफाइनरी में लाएं'। इससे तुरंत तेल भारतीय रिफाइनरी में पहुंचेगा और दुनिया के अन्य रिफाइनरी कंपनियों पर दबाव कम होगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़नापुर विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- दिनांक 07/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बढ़नापुर विकास खंड हैदरगढ़ में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईंट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 9 मार्च से 15 मार्च 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 16 मार्च 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत बढ़नापुर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण | बालू, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि-2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 100/- |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा में छह माह के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय-समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बढ़नापुर**
**विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत बढ़नापुर**
**विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी**

# युवा ही 'विकसित भारत' के निर्माता हैं, नयी पीढ़ी मादक पदार्थों से दूर रहे : राधाकृष्णन

एजेंसी

आइजोल / नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने युवाओं को ' विकसित भारत के निर्माता' बताते हुए उन्हें नशाखोरी जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया है।

श्री राधाकृष्णन शनिवार को आइजोल में मिजोरम विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि प्राप्ति करने में सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनसे 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया।

उपराष्ट्रपति ने युवाओं को 'विकसित भारत' भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि नयी पीढ़ी को नौकरी की तलाश से आगे बढ़कर अब खुद नये अवसरों के सृजन पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन, बांस पर आधारित उद्योगों, जैविक कृषि, हस्तशिल्प और डिजिटल सेवाओं जैसे सेक्टरों की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया।



उपराष्ट्रपति ने युवाओं में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने उनसे मादक पदार्थों से दूर रहने और अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का आह्वान किया। श्री राधाकृष्णन ने विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी एवं सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी और उनसे प्रौद्योगिकी का गुलाम बनने के बजाय उसका स्वामी बनने का आह्वान किया।

पिछले एक दशक के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में हुए विभिन्न बदलावों को रेखांकित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र को भारत के विकास की प्रक्रिया के केन्द्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में शुरू हुई बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन सहित बेहतर संपर्क सुविधा और उड़ान एवं पीएम-डिवाइन जैसी पहलों से विकास में तेजी आ रही है और इस क्षेत्र के लोगों को नए अवसरों के निकट लाया जा रहा है।

उन्होंने मिजोरम की समृद्ध प्राकृतिक विरासत और उच्च साक्षरता दर का उल्लेख करते हुए राज्य की सुदृढ़ जनजातीय परंपराओं और पर्यावरण के प्रति जागरूकता की प्रशंसा की। सौर ऊर्जा पर आधारित मिजोरम विश्वविद्यालय के संचालन की सराहना करते हुए, उन्होंने युवाओं से पर्यावरण की स्थिरता को बढ़ावा देने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आग्रह किया। विश्वविद्यालय परिसर की प्राकृतिक सुंदरता का उल्लेख करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि मिजोरम विश्वविद्यालय सबसे खूबसूरत परिसरों में से एक है और यह इस बात का प्रतीक है कि शांति एवं उद्देश्य पर आधारित शिक्षा क्या कुछ हासिल कर सकती है। दीक्षांत समारोह में मिजोरम के राज्यपाल एवं मिजोरम विश्वविद्यालय के मुख्य रेक्टर जनरल (सेवानिवृत्त) विजय कुमार सिंह; मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा; मिजोरम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर दिबाकर चंद्र डेका, संकाय सदस्य, विशिष्ट अतिथि, अभिभावक और स्नातक होने वाले विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए देश में चार साल में 85,000 इंजीनियर प्रशिक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में जहां इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। सरकार का कहना है कि भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है।

विज्ञप्ति में श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनकी मदद से छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फ़ेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है। इसके तहत इलेक्ट्रानिक्स डिजाइन टूल का अब तक 1.85 करोड़ घंटे से अधिक का उपयोग किया जा चुका है और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। श्री वैष्णव ने बताया कि आज असम से गुजरात और कश्मीर से कन्याकुमारी तक देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के छात्र सेमीकंडक्टर डिजाइन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। यह भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वैश्विक उद्योग की आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग का आकार वर्तमान 800ऽ900 अरब डॉलर से बढ़कर 2 लाख करोड़ डॉलर होने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी, जो भारत के युवाओं के लिए रोजगार के विशाल अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आईएसएम 2.0 के तहत इस कार्यक्रम को 315 से बढ़ाकर 500 शैक्षणिक संस्थानों तक विस्तारित किया जाएगा। इससे देश के प्रत्येक राज्य में सेमीकंडक्टर डिजाइन, फ़ेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग में प्रशिक्षित प्रतिभाओं का मजबूत और निरंतर पूल तैयार होगा।

# हिंसा के लिए कोई जगह नहीं, माओवादी मुख्यधारा में आएं : रेवंत रेड्डी

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य की धरती पर हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है और समस्याओं का समाधान बातचीत तथा लोकतांत्रिक तरीके से ही संभव है। उन्होंने माओवादियों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों और जनता की समस्याओं को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाएं।

मुख्यमंत्री ने यह बातें हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहीं। इसी अवसर पर उनकी मौजूदगी में 130 माओवादियों ने राज्य सरकार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। मुख्यमंत्री ने राज्य पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि शांति बहाली के लिए पुलिस ने लगातार मेहनत की है, जिसका परिणाम है कि बड़ी संख्या में माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं और उनमें सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का इतिहास अहिंसक संघर्ष का रहा है। उन्होंने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधीजी ने भी कहा था कि हिंसा और हथियारों के जरिए समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। आज परमाणु हथियार संपन्न देश भी अपने विवादों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ माओवादी नेता देवजी और उनके साथियों ने कुछ मांगें सरकार के सामने रखी थीं और कहा था कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएग, तो वे आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने स्तर पर जो संभव है, वह करने को तैयार है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी चर्चा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक, खुफिया प्रमुख और एसआईबी प्रमुख के साथ दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर 31 मार्च तक माओवाद की समाप्ति के लक्ष्य से जुड़े अभियान की जानकारी दी थी।

# भारत की प्रगति के लिए संवाद और सहमति महत्वपूर्ण : चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर के विकास में भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दुनिया के किसी भी हिस्से में जाएं, भारतीयों की मौजूदगी हमेशा दिखाई देती है।

देश की प्रगति के लिए संवाद और सहमति बेहद जरुरी है। शनिवार को मुख्यमंत्री नायडू रायसीना डायलॉग 2026 सम्मेलन में टेक्नोलॉजी, सुशासन और भविष्य विषय पर अपने विचार साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन जैसी सुधार उपायो को अपनाकर तेज़ी से विकास किया है। आईटी और कौशल में भारतीयों के योगदान से सब परिचित है। सिलिकॉन वैली जैसी जगहों पर भारत के एक्सपर्ट काम कर रहे हैं लेकिन अब जल्द ही रिवर्स माइग्रेशन शुरू होगा। उन्होंने कहा कौशल और संसाधन वाले लोग वहीं अवसर अब




भारत में ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लगभग 60 प्रतिशत निवेश भारत की ओर आया है। भारत ग्रीन एनर्जी उत्पादन में भी आगे बढ़ रहा है और भविष्य में कई देशों को बिजली निर्यात करेगा। रायसीना संवाद 2026 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा, भारत में सहिष्णुता और संवाद के माध्यम से चर्चा की समृद्ध विरासत है। आज, राज्य सरकारें और केंद्र सरकार दोनों सहकारी संघवाद के माध्यम से मिलकर काम कर रही हैं।ž मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि इस सहयोग ने भारत को मजबूत आर्थिक विकास दर बनाए रखने में मदद की है। उन्होंने कहा, þभारत पहले से ही सात प्रतिशत से अधिक की दर से विकास कर रहा है, और देश के पास दस प्रतिशत से भी अधिक विकास करने का अवसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व शैली की भी प्रशंसा करते हुए शासन में सहमति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, þहमारे प्रधानमंत्री महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दीर्घकालिक प्रगति के लिए नीति में स्थिरता और सहमति निर्माण बहुत महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि सतत विकास और वैश्विक शांति सुनिश्चित करने के लिए स्थिर नीतियां और सहयोग आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कई देशों में वृद्ध लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस खतरे को भांपते हुए भारत ने पॉपुलेशन मैनेजमेंट पॉलिसी बनाई है। दक्षिणी राज्यों में 1.5 फर्टिलिटी रेट को 2.1 तक बढ़ाने की दिशा में यह नीति काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 साल पहले परिवार नियोजन पर जोर दिया गया था, अब जनसंख्या प्रबंधन पर चर्चा हो रही है।

# बंगाल में में संवैधानिक व्यवस्था का पतन : भाजपा

एजेंसी

कोलकाता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग जिले के गोसाईपुर में शनिवार को आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संताल सम्मेलन के आयोजन स्थल को लेकर नाराजगी जताए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने इस पूरे घटनाक्रम को राज्य में संवैधानिक व्यवस्था के पतन का संकेत बताया है।

दरअसल, दार्जिलिंग जिले के गोसाईपुर में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संताल सम्मेलन में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई थीं। यह कार्यक्रम पहले उसी जिले के फांसीदेवा में आयोजित होने वाला था, लेकिन राज्य प्रशासन द्वारा सुरक्षा कारणों का हवाला देकर अनुमति नहीं दिए जाने के बाद आयोजकों को अंतिम समय में कार्यक्रम स्थल बदलकर गोसाईपुर करना पड़ा। बताया गया कि नया स्थल पहले से निर्धारित स्थान की तुलना में छोटा था। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने मंच से ही आयोजन स्थल में किए गए बदलाव पर असंतोष जताया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके राज्य दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या राज्य मंत्रिमंडल के किसी सदस्य ने उनसे मुलाकात नहीं की, जबकि राष्ट्रपति के किसी राज्य दौरे पर यह परंपरा और प्रोटोकॉल का हिस्सा माना जाता है। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि ममता बनर्जी उनसे क्यों नाराज हैं, जबकि वह उन्हें अपनी बहन की तरह मानती हैं। राष्ट्रपति की टिप्पणी के बाद भाजपा ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने इस घटनाक्रम को राज्य में संवैधानिक व्यवस्था के पूर्ण पतन का संकेत बताया। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पश्चिम बंगाल में आज जो घटनाएं हुई हैं, वे ममता बनर्जी सरकार के अधीन संवैधानिक ढांचे के पूरी तरह कमजोर होने की ओर इशारा करती हैं।

# पेज एक का शेष

## केदारनाथ से कन्याकुमारी...

प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 समाप्त करने, सीएए कानून बनाने, 550 साल बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाने, बद्रीनाथ-केदारनाथ पुनर्निर्माण, महाकाल लोक और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर समेत कई एतिहासिक कार्य किए हैं। गृह मंत्री ने उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी पद पर नियुक्ति पत्र पाने वाले 1900 युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब राज्य में बिना पर्चा और बिना खर्चा के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लाए गए कठोर नकल विरोधी कानून से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाला कुंभ मेला सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगा। उन्होंने वाइब्रेंट विलेज योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमावर्ती गांवों को प्रथम गांव का सम्मान दिया गया है, जिससे सीमांत क्षेत्रों से पलायन रोकने में मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने उत्तराखंड में लगभग 10 हजार एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री धामी की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध है। साथ ही उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट का शुद्ध होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। अमित शाह ने बताया कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र सरकार से लगभग 54 हजार करोड़ मिले थे, जबकि इसके बाद से राज्य को 1.87 लाख करोड़ रुपये की सहायता मिल चुकी है। इसके अलावा ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर, रेल और सड़क परियोजनाओं पर भी तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2014 में 1.25 लाख थी, जो अब बढ़कर लगभग 2.60 लाख रुपये हो गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन की नई गाथाएं लिख रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में उत्तराखंड की जनता ने मिथकों को तोड़ते हुए भाजपा सरकार को दोबारा प्रचंड बहुमत दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा 370 हटाकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार किया गया है। साथ ही सीएए लागू कर वर्षों से उपेक्षित हिंदू शरणार्थियों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने हरिद्वार में आगामी कुंभ मेले के लिए केंद्र सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, रमेश पोखरियाल निशंक, विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान...

पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, ममता बनर्जी और द्रमुक सहित कई दलों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि चाहे कितना भी विरोध क्यों न हो लेकिन जो लोग पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न झेलकर भारत आए हैं, उन्हें नागरिकता देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। हरिद्वार में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और नागरिकता प्राप्त करने वाले परिवारों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

## पड़ोसी देशों पर...

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के जवाब में कही उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार ईरान के ''बिना शर्त आत्मसमर्पण'' के, उसके साथ बातचीत नहीं करेगी। राजकीय टीवी पर जारी हुए भाषण में श्री पेज़ेशकियन ने कहा वे हमारे बिना शर्त आत्मसमर्पण के सपने को अपनी कब्र में ले जाएंगे। ईरानी सेना ने स्वीकार किया है कि उसने बहरीन और कतर में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। लेकिन उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद करने की खबरों का खंडन किया है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह सामरिक जलमार्ग अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत खुला है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजरायल के जहाजों को सैन्य लक्ष्य माना जाएगा। आईआरजीसी ने शनिवार को 'प्राइमा' नामक एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी भी ली, जिसने कथित तौर पर ईरानी चेतावनियों को नजरअंदाज किया था। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और कई अरब देशों पर हुए कथित ईरानी हमलों पर चर्चा करने के लिए अरब लीग के विदेश मंत्रियों की एक आपात बैठक रविवार को होगी। अरब लीग के सहायक महासचिव होसाम जकी ने शनिवार को यह घोषणा की और कहा कि यह महत्वपूर्ण सत्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। श्री जकी के अनुसार, इस आपातकालीन बैठक का अनुरोध कुवैत, सऊदी अरब, कतर, ओमान, जॉर्डन और मिस्र जैसे प्रमुख सदस्य देशों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। बैठक का मुख्य एजेंडा खाड़ी क्षेत्र के देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को निशाना बनाने वाले हालिया हमलों की समीक्षा करना और इस दिशा में एक साझा अरब रुख निर्धारित करना है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार तड़के ईरान की राजधानी तेहरान और मध्य ईरान के कई खास सैन्य ठिकानों पर भीषण हवाई हमले किए। इनमें एक भूमिगत बैलिस्टिक मिसाइल कारखाने और एक प्रमुख सैन्य अकादमी को निशाना बनाया गया। आईडीएफ के अनुसार इस अभियान में 80 से अधिक लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया और निर्धारित लक्ष्यों पर लगभग 230 बम गिराए। इजरायली सेना ने बताया कि हमलों के मुख्य लक्ष्यों में एक विशाल भूमिगत केंद्र शामिल था, जिसका उपयोग बैलिस्टिक मिसाइलों के भंडारण और उत्पादन के लिए किया जाता था। इस केंद्र से ईरानी सशस्त्र बलों के सैकड़ों सैनिक अपनी गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। सेना का दावा है कि इस स्थल के भीतर कई बंकर और शासन के महत्वपूर्ण सैन्य मुख्यालय भी स्थित थे। इसके अलावा आईडीएफ ने मिसाइल भंडारण के एक अन्य ठिकाने को भी नष्ट कर दिया है। इसमें बंकर और लॉन्च करने का ढांचा मौजूद था। हमलों की इस श्रृंखला में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की सैन्य अकादमी, इमाम हुसैन विश्वविद्यालय को भी निशाना बनाया गया। इजरायल के अनुसार इस विश्वविद्यालय का उपयोग युद्ध के दौरान आईआरजीसी के लिए एक आपातकालीन जगह के रूप में किया जा रहा था। युद्ध के एक नए चरण में प्रवेश करने के साथ ही इजरायली सेना ने पूरे ईरान में हथियार उत्पादन केंद्रों पर हमले तेज करने की रणनीति अपनाई है। इनमें विशेष रूप से उन केंद्रों को लक्षित किया जा रहा है जहाँ मिसाइलें और लॉन्चर तैयार किए जाते हैं। ईरान के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा है कि अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों में अब तक कम से कम 1,332 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हुए हैं। श्री इरावानी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हुई है और 20 से अधिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है।

## ईरानी युद्धपोत को कोच्चि...

बयान ईरान के एक युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर अमेरिकी नौसेना के हमले के दो दिन बाद आया है। विदेश मंत्री ने कहा ,'' जहां तक जहाज़ के अंदर आने की इच्छा का सवाल है, वे कठिनाइयों में थे। मुझे लगता है कि मानवीय दृष्टिकोण से उनकी मदद करना सही था। हमने इस मामले को सरल रुप में और मानवता के नज़रिए से देखा न कि केवल कानूनी मुद्दों के दृष्टिकोण से। उन्होंने कहा कि भारत की तरह श्रीलंका ने भी ईरान के युद्धपोत को डॉक करने की अनुमति दी है। इस घटनाक्रम का ब्योरा देते हुए उन्होंने कहा,'' उस समय यह जहाज़ बंदरगाह के सबसे नज़दीकी जलक्षेत्र में आना चाहता था। रिपोर्टें थीं कि उन्हें समस्याएं हो रही थीं। मेरी जानकारी के अनुसार यह 28 तारीख को हुआ था, और एक मार्च को हमने कहा कि ठीक है, आप आ सकते हैं। फिर उन्हें आने में कुछ दिन लगे। उन्होंने कहा कि जब ये युद्धपोत यहां आये थे तो स्थिति पूरी तरह अलग थी लेकिन चीज़ें तेज़ी से और स्वतंत्र रूप से विकसित हो रही थीं और वे इन घटनाओं के गलत दौर में यहां फंस गये। यह पूछे जाने पर कि भारत हिन्द महासागर में प्रमुख सुरक्षा प्रदाता देश है और ऐसे में यदि किसी युद्धपोत पर हिन्द महासागर में हमला किया जाता है तो इसे किस तरह से देखा जाना चाहिए इस पर विदेश मंत्री ने कहा ,'' अब सवाल यह है कि इससे क्षेत्र में एक ''नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर'' के रूप में भारत की स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ता है। मुझे लगता है कि इस समय सोशल मीडिया पर इस विषय पर बहुत बहस चल रही है। सोशल मीडिया अपनी प्रकृति से ऐसा मंच है जहां बहुत तीखे, झुकाव वाले और कभी-कभी चरम विचार व्यक्त किए जाते हैं।'' डा. जयशंकर ने कहा कि हिन्द महासागर केवल हिन्द महासागर से लगे देशों तक ही सीमित है ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा,'' हिन्द महासागर की वास्तविकता को समझें। डिएगो गार्सिया पिछले पांच दशकों से हिन्द महासागर में मौजूद है। जिबूती में विदेशी सैन्य बलों की तैनाती इस सदी के पहले दशक की शुरुआत में हुई थी। इसी अवधि के दौरान हम्बनटोटा भी बना। उन्होंने कहा कि इस सदी के पहले दशक से ही हिन्द महासागर में विदेशी बलों की मौजूदगी रही है। इसलिए यह मानना कि हिन्द महासागर केवल उन्हीं देशों तक सीमित है जो उससे लगे हुए हैं, सही नहीं है।

## घरेलू 60...

वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में 07 मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये का मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता में इसकी नयी कीमत 939 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये हो गयी है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 11 महीने बाद कोई बदलाव किया गया है। इससे पहले 08 अप्रैल 2025 को इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ाकर 853 रुपये प्रति सिलेंडर की गयी थी। वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1,768.50 रुपये से बढ़कर अब 1,883 रुपये हो गयी है जो अप्रैल 2023 के बाद सबसे अधिक है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर लगातार चौथी बार महंगा हुआ है। छह दिन पहले 01 मार्च को भी दिल्ली में इसके मूल्य में 28 रुपये की वृद्धि की गयी थी। कोलकाता में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1,990 रुपये का, मुंबई में 1,835 रुपये का और दिल्ली में 2,43.50 रुपये का हो गया है। चारों महानगरों में रसोई गैस के दाम में एक समान वृद्धि की गयी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल और गैस का उत्पादन तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। इससे इनकी कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। साथ ही रुपया भी ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। दोनों कारकों को देखते हुए कीमतों में यह बढ़ोतरी की गयी है।

## भारत के पास...

अधिकारियों ने बताया कि कुल अतिरिक्त भंडार 25 करोड़ बैरल यानी लगभग 4,000 करोड़ लीटर का है। साथ ही रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और मध्य एशिया से आयात लगातार जारी है। इसलिए मीडिया में आई इस तरह की खबरें कि देश के पास सिर्फ 25 दिन का कच्चा तेल बचा है, गलत है। उल्लेखनीय है कि इस समय भारत छह महादेशों के कुल 40 देश से कच्चे तेल और पेट्रोलियम का आयात करता है और इस मामले में होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर पूरी तरह से निर्भरता नहीं है। घरेलू रिफायनिंग कंपनियों की कुल शोधन क्षमता 25.8 करोड़ टन सालाना की है जो मांग से काफी अधिक है। घरेलू मांग 21-23 करोड़ टन सालाना है। पेट्रोल में एथेनॉल के 20 प्रतिशत मिश्रण की अनिवार्यता के कारण हर साल 4.4 करोड़ बैरल यानी लगभग 60 लाख टन की आयात निर्भरता अलग से कम होती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य से आयात पूरी तरह से बंद हो जाता है तब भी देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं होगी। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिमी एशिया में स्थिति काफी गंभीर हो गई है। कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कीमत करीब 20 प्रतिशत बढ़ गयी है।

## मतदाता सूची विशेष...

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के कुल 86.69 लाख आवेदन 27 अक्टूबर से प्राप्त हुए हैं, जिनमें 43.06 लाख पुरुष और लगभग 43 लाख महिलाओं ने आवेदन किया। वहीं फॉर्म-7 (नाम हटाने) के 3.18 लाख आवेदन मिले, जिनमें 1.58 लाख पुरुष और 1.10 लाख महिलाओं के आवेदन शामिल हैं। इसी अवधि में फॉर्म-8 (संशोधन) के 22.55 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 13.38 लाख पुरुषों ने आवेदन किया। इसके अलावा एनआरआई मतदाताओं के लिए फॉर्म-6ए के 2,624 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2,199 पुरुष आवेदक हैं। निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि दावा-आपत्ति के आधार पर सुनवाई जारी है और पात्र आवेदकों के नाम नियमानुसार मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं।

## उप्र बना विश्वास का प्रतीक...

किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडटेक के लिए आईआईटी कानपुर व एसजीपीजीआई लखनऊ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन रहे हैं। दवाएं बाहर से न आएं, बल्कि इनका प्रोडक्शन यूपी में हो, इसके लिए ललितपुर में 1500 एकड़ में फॉर्मा पार्क विकसित कर रहे हैं। मेडिकल उपकरणों की भी मैन्युफैक्चरिंग यूपी में हो, इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना हो रही है। प्रदेश में आज टेली मेडिसिन की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर संत विजय कौशल जी महाराज, केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड) के संयुक्त प्रचार प्रमुख कृपाशंकर, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य व योगेंद्र उपाध्याय, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, छोटेलाल वर्मा, बाबूलाल चौधरी, धर्मपाल सिंह व जीएस धर्मेश, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, यथार्थ ग्रुप के चेयरमैन अजय त्यागी, प्रबंध निदेशक कपिल त्यागी व निदेशक यथार्थ त्यागी आदि मौजूद रहे।

# नीतीश के बेटे निशांत रविवार को जद (यू) में हो सकते हैं शामिल : सूत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो पार्टी नेतृत्व में एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। सूत्रों ने बताया कि निशांत पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की उपस्थिति में जद(यू) में शामिल होंगे।

यह घटनाक्रम जद (यू) प्रमुख नीतीश कुमार द्वारा 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दो दिन बाद सामने आया है, जो बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल की समाप्ति है। पार्टी के एक सूत्र ने बताया, ''निशांत कुमार ने शुक्रवार को यहां जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर पार्टी के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों से मुलाकात की और अपनी भावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। यह तय हो गया है कि निशांत रविवार को औपचारिक रूप से जदयू में शामिल होने के बाद सक्रिय राजनीति में प्रवेश करेंगे। पार्टी के एक अन्य सूत्र ने बताया कि जद(यू) के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार बिहार के एकमात्र मंत्री थे जो बैठक में उपस्थित थे। जद (यू) विधायकों ने नीतीश कुमार के राज्यसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने संबंधी फैसले पर शुक्रवार को अपनी नाराजगी व्यक्त की थी, लेकिन निशांत के जल्द ही राजनीति में प्रवेश करने से उन्हें कुछ राहत मिली। जद (यू) प्रमुख के अचानक उठाए गए इस कदम से अचंभित हुए पार्टी विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों ने शुक्रवार शाम को मुख्यमंत्री के आवास पर आयोजित एक बैठक में उनसे बातचीत की। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया, ''मुख्यमंत्री ने पार्टी के विधायकों को आश्वासन दिया कि उन्होंने यह निर्णय स्वयं लिया है और उन पर कोई दबाव नहीं था। नीतीश कुमार ने यह भी आश्वासन दिया कि वह राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे।''

# नारी राष्ट्र निर्माण की मजबूत शक्ति बनकर उभर रही है : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की एक मजबूत शक्ति बनकर उभर रही है। महिलाओं को सशक्त बनाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री शनिवार को विज्ञान भवन में 'भारती-नारी से नारायणी' महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। दो दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्र सेविका समिति, भारतीय विद्वत परिषद और शरण्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में लखपति बिटिया योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड, कोलेट्रल-फ्री लोन और नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति जैसे कदमों के माध्यम से नारी शक्ति को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका वी. शांता कुमारी, राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय तरुणी प्रमुख विजया शर्मा, भारतीय विद्वत परिषद की कार्यदर्शी प्रो. शिवानी वी., शरण्या की अध्यक्ष अंजु आहूजा, शरण्या की सचिव प्रो. चारू कालरा, समाज सेविका डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार सहित अन्य समाजसेविकाएं उपस्थित रहीं। सम्मेलन में देशभर से लगभग 1500 महिला विचारक भाग ले रही हैं। महिला सांसदों, विश्वविद्यालयों की महिला कुलपतियों और महिला संतों के लिए अलग-अलग विशेष सत्र रखे गए हैं। साध्वी संगम में देशभर की महिला संत हिस्सा लेंगी। सम्मेलन में आठ प्रमुख विषयों- विद्या, शक्ति, मुक्ति, चेतना, प्रकृति, संस्कृति, सिद्धि और कृति पर विमर्श किया जाएगा। विद्या थीम के तहत महिलाओं की उच्च शिक्षा, बच्चियों के ड्रॉपआउट की समस्या और आत्मरक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर चर्चा होगी। शक्ति थीम में आत्मनिर्भरता और वित्तीय साक्षरता पर विचार होगा। मुक्ति थीम में घरेलू हिंसा और सामाजिक रूढ़ियों से मुक्ति दिलाने वाले उपायों पर विमर्श होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय गृहमंत्री को काले झंड़े दिखाने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हरिद्वार।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यों में शिरकत करने हरिद्वार पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जिला महानगर कांग्रेस कमेटी न विरोध प्रदर्शन कर काले झण्डे दिखाने का प्रयास किया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तुलसी चौक पर ही गिरफ्तार कर लिया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमन गर्ग व स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि देश की संप्रभुता पर अमेरिका द्वारा लगातार हमला किया जा रहा है। बावजूद इसके सरकार क्यों चुप हैं, आखिर कब तक भारत को अमेरिका चलाने का काम करेगा? अमित शाह को इस बात को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने सवाल करते हुए कहाकि अंकिता भण्डारी हत्याकांड के वीआईपी की गिरफ्तारी कब तक होगी तथा उनकी पार्टी की सरकार द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अपमान क्यों किया जा रहा है। वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा और महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की रैली में सरकारी तंत्र का इस्तेमाल किया गया है। प्राइवेट कर्मचारियों को प्रताड़ित कर जबरन रैली में लाया गया है, जबकि आमजन ने रैली से दूरी बनायी है। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्षद हिमांशु गुप्ता और पार्षद सोहित सेठी ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की रैली को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों को भीड़ एकत्रित करने में लगाया गया है, जिससे साफ है उत्तराखंड की जनता भाजपा सरकार को 2027 में उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

### टिहरी लेक फ़ेस्टिवल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश नाम के साथ पहली बार जुड़ा 'हिमालयन ओ–टू'

**देहरादून।** टिहरी लेक फ़ेस्टिवल इस बार पर्यटन के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहा है। उत्तराखंड सरकार ने बड़े आयोजनों को पर्यावरणीय थीम से जोड़ने की पहल के तहत इस आयोजन में भी प्रकृति संरक्षण को प्रमुखता दी है। राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों की तरह इस फ़ेस्टिवल की अवधारणा में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता को शामिल किया गया है। इस वर्ष आयोजन का पूरा नाम हिमालयन ओ–टू टिहरी लेक फ़ेस्टिवल रखा गया है। फ़ेस्टिवल के नाम के साथ पहली बार हिमालयन ओ–टू जोड़े जाने से पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा भी तेज हुई है। टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के अनुसार आयोजन की रूपरेखा तैयार करते समय यह विचार सामने आया कि कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा दिया जाए, जिसके चलते इसके नाम के साथ हिमालयन ओ–टू जोड़ा गया। राज्य सरकार पिछले कुछ समय से अपने बड़े आयोजनों के साथ पर्यावरण का संदेश जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2025 में आयोजित राष्ट्रीय खेल 2025 की थीम भी पर्यावरण पर आधारित रही थी। उस दौरान हरित वन स्थापित करने से लेकर खिलाड़ियों को दिए गए पदकों और अन्य गतिविधियों में भी पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पर्यावरण को लेकर देश–दुनिया में बढ़ती चिंता के बीच जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से सभी की अपेक्षाएं जुड़ी हैं और राज्य सरकार भी इस संबंध में अपनी जिम्मेदारी को महसूस करते हुए बड़े आयोजनों के साथ पर्यावरण की थीम को जोड़ रही है।

### रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला स्थित रेल डिब्बा कारखाना (आरसीएफ) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोतकम किया गया। यह कार्यक्रम रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करना तथा समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों को उजागर किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की पूर्ण और सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ललिता रामालिंगम तथा प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेनू पुष्कर छिब्बर ने विशेष वक्ता के रूप में भाग लिया और अपने प्रेरणादायक विचार साझा किये। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा कार्यस्थल पर समान अवसरों के महत्व पर विशेष बल दिया।

### एसजीपीसी यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सिख छात्रों को एक लाख रुपये का पुरस्कार देगी: एडवोकेट धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने शनिवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा उत्तीर्ण करने और उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए चयनित सिख छात्रों को बधाई दी और घोषणा की कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति उन्हें एक लाख रुपये की राशि से सम्मानित करेगी। एडवोकेट धामी ने कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना युवाओं की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र सिमरनदीप कौर और सुनवरदीप सिंह,अन्य सिख छात्रों के साथ, यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करके न केवल अपने माता–पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि यह सिख समुदाय के लिए भी गर्व की बात है। खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में 15वां स्थान प्राप्त करने वाली सिमरनदीप कौर, शिरोमणि कमेटी द्वारा संचालित खालसा कॉलेज पटियाला की छात्रा हैं।

### सीवान की बेटी तान्या सिंह ने पहले ही प्रयास में रचा इतिहास आईएएस परीक्षा में 200वां स्थान हासिल

**सीवान।** सीवान जिले के आंदर प्रखंड के चित्तौड़ गांव की बेटी तान्या सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 200वां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है और गांव सहित पूरे इलाके में गर्व का माहौल है। तान्या सिंह स्वर्गीय अजय कुमार सिंह और पुष्पा कुमारी की सुपुत्री हैं। कम उम्र में ही उनके पिता का देहांत हो गया था, जिसके बाद उनकी परवरिश और पढ़ाई की जिम्मेदारी उनके मामा संजय सिंह ने संभाली। मामा और उनके परिवार के संपूर्ण सहयोग से तान्या ने बचपन से ही पढ़ाई में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और हर परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त किए।

# चांदनी चौक के सर्राफा व्यापारी के यहां से 54 लाख रुपये लेकर फरार हुआ आरोपित दो दोस्तों के साथ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। राजधानी नई दिल्ली के चांदनी चौक स्थित कूचा महाजनी इलाके में सर्राफा कारोबारी के यहां काम करने वाला एक कर्मचारी 54 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रूपेश कुमार (24), सचिन उर्फ विकास (24) और पवन कुमार (21) के रूप में हुई है। तीनों सोनिया विहार के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में कोतवाली थाना में 6 फरवरी 2026 को एफआईआर नंबर 96/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह कूचा महाजनी में बुलियन ट्रेडर के तौर पर काम करता है और रूपेश नाम का युवक उसके यहां कर्मचारी था। उसका काम बाजार में भुगतान पहुंचाने और रकम लाने का था। पांच फरवरी की शाम करीब 6:45 बजे व्यापारी ने रूपेश को 54 लाख रुपये देकर बाजार में भुगतान करने के लिए भेजा था, लेकिन वह रकम लेकर फरार हो गया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, 5 मार्च को पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) प्रवेश राठी को सूचना मिली कि चोरी की रकम बांटने के लिए कुछ बदमाश दिल्ली-एनसीआर में इकट्ठा होने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। बाद में सूचना मिली कि आरोपित रात करीब साढ़े नौ बजे खजूरी खास फ्लाईओवर के नीचे पहुंचेंगे। पुलिस टीम ने वहां जाल बिछाया और मौके पर पहुंचे दो आरोपित रूपेश और सचिन उर्फ विकास को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपित पवन कुमार को सोनिया विहार से पकड़ा गया। पूछताछ में रूपेश ने बताया कि उसने सोनिया विहार में दसवीं तक पढ़ाई की है। आर्थिक तंगी के कारण वह पहले कश्मीरी गेट में मोटर पार्ट्स की दुकान पर काम करता था। बाद में वह कूचा महाजनी स्थित व्यापारी हरिओम खंडेलवाल की दुकान पर काम करने लगा, जहां वह अक्सर माल और पैसे लेने-देने का काम करता था।

### स्वस्थ भारत के संकल्प को जन औषधि परियोजना दे रही सार्थक रूप : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को आज जन औषधि परियोजना धरातल पर सार्थक रूप दे रही है। केंद्र सरकार का यह दूरदर्शी प्रयास सुनिश्चित करता है कि देश का कोई भी नागरिक, विशेषकर मध्यम वर्ग और गरीब परिवार, आर्थिक अभाव के कारण आवश्यक उपचार से वंचित न रहे। स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वसुलभ और किफायती बनाना ही योजना का मूल ध्येय है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर आज जन औषधि दिवस के मौके पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में संचालित 620 से अधिक जन औषधि केंद्र आज लाखों परिवारों के लिए बड़ा संबल बन चुके हैं। उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं को न्यूनतम मूल्य पर उपलब्ध कराकर ये केंद्र बीमारियों से लड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं और साथ ही आम जन की गाढ़ी कमाई की बचत भी सुनिश्चित कर रहे हैं। चिकित्सा क्षेत्र में आई यह सकारात्मक पहल समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य का अधिकार पहुंचाने का कार्य कर रही है।

# मंत्री सूद ने जनकपुरी में 1.60 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को जनकपुरी विधानसभा क्षेतेर के सी-1ए ब्लॉक तथा सी-2 ब्लॉक में लगभग 1.60 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

सूद ने बताया कि इन दोनों ब्लॉक में सीवर, पानी की पाइप लाइनों के काम, डेंस कारपेटिंग, सड़क निर्माण आदि के काम पिछली सरकार के समय से ही लंबित है। विकास के काम न होने से स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। आज जनकपुरी के सी-1ए ब्लॉक में लगभग 86.37 लाख रुपये की लागत से कई महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें सीवर लाइन बिछाने का कार्य, ड्रेन व सड़क का निर्माण तथा डेंस कारपेटिंग का कार्य शामिल है। इन कार्यों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा और स्थानीय निवासियों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा। इसके साथ ही सी-2 ब्लॉक, जनकपुरी में लगभग 73.91 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों में सी2/116 से सी2/230 तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य, गली का इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा निर्माण, बैक लेन का आरएमसी द्वारा निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े कार्य शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार दिल्ली के सभी क्षेत्रों में तेज गति से विकास के सभी कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य राजधानी के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर जीवन-स्तर उपलब्ध कराना है। जनकपुरी में शुरू किए गए ये विकास कार्य स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में दिल्ली में विकास के नाम पर सिर्फ बड़े-बड़े विज्ञापन दिए गए, लोगों को गुमराह किया गया और सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया गया।

# मंत्री पंकज सिंह ने सांसद सहरावत के साथ उत्तम नगर हत्या मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री पंकज सिंह ने सांसद कमलजीत सहरावत के साथ शनिवार को उत्तम नगर हत्या मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने इस घटना को अत्यंत शर्मनाक और दुखद बताते हुए परिवार को सांत्वना दी।

पंकज सिंह ने कहा कि आज सांसद और अन्य लोगों के साथ दुखी परिवार से मिला। इस कठिन समय में सरकार परिवार के साथ खड़ी हैं और उन्हें आश्वासन दिया है कि प्रशासन और पुलिस अपना काम करेगी। जो घटना हुई है वह बेहद निंदनीय है और ऐसी त्रासदी का वर्णन करने के लिए शब्द नहीं हैं। दो दिन पहले ही एक पिता ने अपने बेटे को इस तरह खो दिया है। पंकज सिंह ने इसे अत्यंत शर्मनाक घटना बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भरोसा दिया है और सभी से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर सांसद सहरावत ने जनता से अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्चा विवाद में शामिल नहीं था और बाहर से आकर बाइक पार्क कर रहा था, जब उस पर हमला किया गया। उन्होंने इस घटना की निंदा की।

# पूर्व सीओ की बेटी स्मृति आनंद ने यूपीएससी में पाई सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 368वीं रैंक लाकर बढ़ाया जिले का मान



नवादा। जिले के पकरीबरावां अंचल के पूर्व अंचल अधिकारी नरेन्द्र कुमार की सुपुत्री स्मृति आनंद ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे नवादा जिले का नाम रोशन किया है। नरेंद्र कुमार सीमावर्ती नालंदा जिले के घोषरावां गांव के निवासी हैं। लेकिन लंबे समय तक नवादा में भी सरकारी सेवा में रहकर बच्चों की पढ़ाई कराई थी । स्मृति आनंद ने यूपीएससी परीक्षा में 368वीं रैंक हासिल कर प्रशासनिक सेवा में अपना स्थान बनाया है। उनकी इस उपलब्धि से नवादा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोग उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दे रहे हैं। स्मृति आनंद वर्तमान में लखीसराय में अवर निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले भी वे अपनी कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा के कारण चर्चा में रही हैं। यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना उनके परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम माना जा रहा है। स्मृति आनंद की इस उपलब्धि पर लखीसराय के जिलाधिकारी ने भी उन्हें सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न देकर बधाई दी और कहा कि उनकी सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्मृति आनंद की मेहनत और समर्पण अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। जानकारी के अनुसार स्मृति आनंद बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अनुशासन और मेहनत के साथ पूरी की और उच्च शिक्षा के दौरान भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रशासनिक सेवा में जाने का उनका सपना लंबे समय से था, जिसे उन्होंने कठोर परिश्रम और निरंतर अध्ययन के बल पर साकार कर दिखाया। स्मृति आनंद के पिता नरेन्द्र कुमार पकरीबरावां अंचल में अंचल अधिकारी के पद पर रह चुके हैं और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों को ईमानदारी से निभाया था। पिता की कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण से प्रेरित होकर स्मृति आनंद ने भी प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। स्मृति आनंद की सफलता पर नवादा जिले के कई गणमान्य लोगों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है। लोगों का कहना है कि जिले की बेटी की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। परिवार के सदस्यों ने भी स्मृति आनंद की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने आज उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि स्मृति आनंद ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और निरंतर आगे बढ़ती रहीं।

### फायरिंग कर हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार तमंचा व कारतूस बरामद

हरिद्वार। हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपित को हरिद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपि के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा और खोखा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस आरोपित के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार 5 मार्च को ग्राम नन्हेडा अनंतपुर निवासी अमन कुमार ने थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया कि 4/5 मार्च की मध्यरात्रि को दीपू उर्फ विश्वजीत पुत्र राजेश उर्फ पाटिल, निवासी ग्राम नन्हेडा अनंतपुर थाना भगवानपुर, ने उसके भाई मोहित पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग में मोहित गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए हायर सेंटर देहरादून में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर थाना भगवानपुर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार ने प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर को आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063